माघ शुक्ल पक्ष दशमी संवत् 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 223 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए
डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
07 फरवरी 2025 शुक्रवार

आज का मौसम
28 अधिकतम
12 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो


Page-7

## रिजर्व बैंक ने रेपो रेट में 25 पॉइंट की कटौती की, इससे ईएमआई होगी कम

# राहत 2.0 : टैक्स कट के बाद अब पांच साल बाद ब्याज कट

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक ऑफ ने मुद्दत बाद ब्याज दरों को 6.50 फीसदी से घटाकर 6.25 फीसदी कर दिया है। इसका संकेत यह है कि अब लोन सस्ता होगा और लोगों की ईएमआई भी थोड़ा घटेगी। बैंक गवर्नर संजय मल्होत्रा ने आज सुबह मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी में लिए फैसलों की जानकारी दी और बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक ने मिडिल क्लास को बड़ी राहत देते हुए रेपो रेट में कटौती कर दी है। रेपो रेट में यह कटौती 25 बेसिस पॉइंट की की गई है। रेपो रेट में यह कटौती 5 साल बाद की गई है। इससे पहले भारतीय रिजर्व बैंक ने मई 2020 में रेपो रेट घटाया था। उसके बाद धीरे-धीरे बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया था। आखिरी बार रेपो रेट में बढ़ोतरी फरवरी में हुई थी। गवर्नर ने कहा कि बैठक में इकोनॉमी डेवलपमेंट को लेकर चर्चा की गई तथा फैसला किया कि रेपो रेट को अब घटाया सकता है। उल्लेखनीय है कि अभी दौर ग्लोबल इकोनॉमी चुनौतियों से गुजर रहा है। साथ ही वैश्विक स्तर पर महंगाई भी बढ़ रही है, फेडरल रिजर्व बैंक की ओर से भी रेट में कटौती हो रही है तथा जियो पॉलिटिकल टेंशन भी बढ़ रहा है। जिस कारण दुनिया भर की इकोनॉमी पर असर पड़ा है। इधर भारतीय रुपया अभी प्रेशर में है लिहाजा माना जा रहा है कि अब रिजर्व बैंक के सामने भी कई बड़ी चुनौतियां हैं।



### रिटेल महंगाई 5.22 फीसदी, थोक भी बढ़ी

खाने-पीने की चीजें सस्ती होने से दिसंबर में रिटेल महंगाई दर 4 महीने के निचले स्तर 5.22 फीसदी पर आ गई थी। नवंबर में महंगाई दर 5.48 फीसदी पर थी। 4 महीने पहले अगस्त में महंगाई 3.65 फीसदी पर थी। आरबीआई महंगाई को लेकर रेंज 2 फीसदी-6 फीसदी है। इसी तरह दिसंबर महीने में थोक महंगाई बढ़कर 2.37 फीसदी पर पहुंच गई। इससे पहले नवंबर में ये 1.89 फीसदी पर थी। आलू, प्याज, अंडे, मांस-मछली और फलों की थोक में कीमतें बढ़ीं हैं। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने 14 जनवरी को ये आंकड़े जारी किए थे।

### महंगाई से लड़ने का टूल

उल्लेखनीय है कि किसी भी केंद्रीय बैंक के पास पॉलिसी रेट के रूप में महंगाई से लड़ने का एक शक्तिशाली टूल होता है। जब महंगाई बहुत ज्यादा होती है, तो केंद्रीय बैंक पॉलिसी रेट बढ़ाकर इकोनॉमी में मनी फ्लो को कम करने की कोशिश करता है। पॉलिसी रेट ज्यादा होगी तो बैंकों को आरबीआई से मिलने वाला कर्ज महंगा होगा। बदले में बैंक अपने ग्राहकों के लिए लोन महंगा कर देते हैं। इससे इकोनॉमी में मनी फ्लो कम होता है। इससे डिमांड में कमी आती है और महंगाई घट जाती है। इसी तरह जब इकोनॉमी बुरे दौर से गुजरती है तो रिकवरी के लिए मनी फ्लो बढ़ाने की जरूरत पड़ती है। ऐसे में केंद्रीय बैंक पॉलिसी रेट कम कर देता है। इससे बैंकों को मिलने वाला कर्ज सस्ता हो जाता है और ग्राहकों को भी सस्ती दर पर लोन मिलता है।

# मुख्यमंत्री ने पुलिस अफसरों से पूछा- मीट को हिंदी में क्या लिखेंगे....

## पुलिस का काम भरोसे वाला, सारे रास्ते बंद होते हैं पुलिस याद आती है : सीएम



भोपाल.दोपहर मेट्रो

### सर्विस मीट शुरू

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आज दो दिनी आईपीएस सर्विस मीट की शुरूआत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि किसी संगठन को बनाना और उसे चलाना दोनों ही बहुत ही कठिन काम हैं। यह मीट एक कार्यशाला की तरह है। यहां हम अपने पुलिस परिवार के साथ मिलते हैं। प्रशिक्षण का काम भी चलता है, यह पद्धति अच्छी है। मुख्यमंत्री ने आईपीएस अफसरों से पूछा कि मीट को हिंदी में लिखना हो तो क्या लिखेंगे? तो जवाब मिला मीट में दिल मिलता है। इस पर खूब ठहाके लगे। यादव ने कहा कि कई बार लोग यह कहते है कि मेरा पुलिस वालों से ज्यादा प्रेम है और यह सही भी है। पुलिस के लोग बहुत काम करते हैं। इसलिए मैं पुलिस से प्रेम करता हूं। पुलिस को तुरंत एक्शन लेना होता है। समाज में पुलिस पर अलग प्रकार का भरोसा है। जब सभी सीमाएं बंद हो जाती हैं तो लोग पुलिस के पास भागते हैं। आजकल कितने प्रकार की बातें होने लगी हैं। पुलिस के लेकर भी संकट की स्थिति बनने लगी है। लेकिन पुलिस को हर स्थिति में हालात को संभालना होता है। इस आईएएस और आईपीएस सर्विस मीट के बाद अब मप्र के सभी पुलिस अफसर यहां परिवार समेत जमा हुए हैं। इस सर्विस मीट के दौरान आज पहले सत्र में एक्सपर्ट्स के प्रजेंटेशन के साथ मॉडर्न टेक्नलॉजी से क्राइम कंट्रोल करने पर दो पुलिस अधीक्षकों और एक सब इंस्पेक्टर के प्रजेंटेशन भी हो रहे हैं। इसके बाद आज व कल दिनभर व रात तक स्पोर्ट्स और कल्चरल प्रोग्राम के जरिए पुलिस अधिकारी कानूनी पेचीदगियों से दूर रहकर परिवार के साथ मनोरंजक कार्यक्रमों में शामिल रहेंगे।

**क्राइम कंट्रोल पर प्रजेंटेशन:** पहले दिन एमपी पुलिस के मॉडल इन्वेस्टिगेशन और मॉडल पुलिस वर्किंग का प्रजेंटेशन होगा। रतलाम एसपी अमित कुमार और रेल एसपी राहुल लोढ़ा प्रजेंटेशन देंगे। इसमें मॉडर्न टेक्नोलॉजी के जरिए क्राइम कंट्रोल कैसे किया जाए, इसको लेकर पुलिस अफसरों को ट्रेनिंग देने का प्रोग्राम है।

## महाकुंभ में अखाड़ों की पैकिंग शुरू

प्रयागराज, एजेंसी

महाकुंभ का आज 26वां दिन है और अब आज व कल छुट्टी का दिन होने से भीड़ बढ़ने का अनुमान है। इसे देखते हुए प्रशासन फिर अलर्ट पर है। संगम पर श्रद्धालुओं को रुकने नहीं दिया जा रहा है। वाहनों की प्रयागराज शहर में एंट्री हो रही है। इधर महाकुंभ में ज्यादातर अखाड़ों ने अब पैकिंग शुरू कर दी। इसलिए श्रद्धालुओं को अखाड़ों के अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है। प्रशासन के मुताबिक, महाकुंभ में 13 जनवरी से अब तक 40 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। अभी मेला 19 दिन और चलेगा। बिहार के राज्यपाल आरिफ मो. खान भी गुरुवार देर रात प्रयागराज पहुंचे।

## बाजार पर दबाव, सेंसेक्स-निफ्टी ने किया 'संघर्ष'

मुंबई, एजेंसी

रिजर्व बैंक द्वारा ब्याज दरों में कटौती के बाद शेयर बाजार दबाव में नजर आ रहा है। एक समय निफ्टी 23500 अंक के नीचे फिसल गया तो सेंसेक्स भी गिरकर 77,730.37 अंक तक लुढ़का। माना जाता है कि बैंकिंग स्टॉक्स ने बाजार पर दबाव बढ़ाया। आज बाजार में निचले स्तर से रिकवरी देखने को मिली तो सेंसेक्स 50 अंक चढ़कर 78100 के पार पहुंच गया है, जबकि निफ्टी में भी 25 अंकों की तेजी देखी जा रही है। इससे पहले बीएसई की ओपनिंग में टॉप 30 शेयरों में से 18 स्टॉक्स गिरावट पर थे। हालांकि एसबीआई, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआइ बैंक, एक्सिस बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयरों में 1.50 फीसदी तक की गिरावट आई है.



## महू के पास भेरूघाट पर हादसा, चार मौतें

महू, एजेंसी

बीती देर रात इंदौर के समीप मानपुर में भीषण सड़क हादसा हुआ है। इसमें यात्रियों से भरी हुई टैंपो ट्रैवलर एक टैंकर में जा घुसी। हादसे में ट्रैवलर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की चपेट में एक बाइक भी आ गई जिस पर सवार दो लोगों की मौत हो गई। वहीं कुल 4 लोगों की मौत हुई है। घटना में 11 लोग घायल हैं, जिसमें महिलाएं और एक बच्चा भी हैं। घायलों को इंदौर के एमवाय अस्पताल भेजा गया है। ट्रैवलर में सभी यात्री कर्नाटक के रहने वाले थे। सभी महाकाल दर्शन कर महाराष्ट्र जा रहे थे। जानकारी के अनुसार घटना भेरुघाट में मंदिर के बाद उतरते समय देर रात करीब 2.30 बजे हुई।

## केजरीवाल ने बुलाई सभी उम्मीदवारों की बैठक

नई दिल्ली, एजेंसी

विधानसभा चुनाव की कल होने वाली काउंटिंग से पहले आम आदमी पार्टी ने अपने सभी 70 उम्मीदवारों की अहम बैठक आज बुलाई है। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल इस बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं। यह बैठक भाजपा के कथित ऑपरेशन लोटस के आरोपों के बीच बुलाई गई है। सांसद संजय सिंह ने वोटों की गिनती से पहे बीजेपी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि दिल्ली में नतीजों से पहले ऑपरेशन लोटस शुरू हो गया है। आप के सात विधायकों को 15-15 करोड़ की पेशकश के फोन आने लगे हैं। केजरीवाल ने दावा किया कि दो घंटे में उनके 16 उम्मीदवारों के पास फोन आ गए हैं और पार्टी छोड़कर आने पर मंत्री बनाने के साथ 15-15 करोड़ के ऑफर का दावा किया।






### मेट्रो एंकर

चीतों को जंगल के अंदर छोड़ने के दौरान अजब घटनाक्रम

# चूक पर चुप्पी.. कूनो के चीते और सीएम के बीच की दूरी...!

भोपाल.दोपहर मेट्रो

हाल में 'चीता रिजर्व' पालपुर कूनो नेशनल पार्क का एक मामला सुर्ख है, जब सीएम मोहन यादव चीतों को खुले जंगल में छोड़ने गए थे, मगर वहां सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं थे, रेलिंग महज दो से ढाई फीट की थी, सीएम के साथ जरुरत से ज्यादा लोगों को प्रवेश दे दिया गया था। जब चीते छोड़ने के लिए पिंजरे का गेट खोला गया तो एक चीते ने बदहवासी में छलांग लगाई। जब वह बाहर आ रहा था तब एकबारगी उसका मुंह सीएम व अन्य लोगों की तरफ दिखा। जबकि वह जंगल की तरफ होना था। इस दौरान सीएम व अन्य के पैर लड़खड़ा गए थे। मगर इस घटना के तीन दिन बाद भी सीएमओ से लेकर पालपुर कूनो नेशनल पार्क तक किसी भी अफसर चुप्पी नहीं तोड़ी है। सीएम की सुरक्षा में चूक का यह कोई पहला मामला नहीं है, बल्कि इसके पहले भी कई घटनाक्रम हो चुके है। जिस पालपुर कूनो नेशनल पार्क में सीएम की सुरक्षा में चूक हुई है वहां के चीता प्रोजेक्ट के डायरेक्टर उत्तम कुमार शर्मा को पहले ही हटाने की सिफारिश की जा चुकी है। सूत्रों के मुताबिक यह मामला प्राथमिकता में था, तब वन मंत्री रामनिवास रावत थे लेकिन कतिपय वजहों से ऐसा नहीं हो सका। माना जा रहा है कि पिंजरे में बंद चीतों को खुले जंगल में रिलीज करने वाले प्वाइंट पर ऊंचाई की रेलिंग करनी थी। विदेशों से लाए गए 8 चीतों को ढाई साल पहले बाड़े में छोड़ा गया था। इसके लिये तब प्रधानमंत्री आए थे। उस समय सुरक्षा के लिए पिंजरे के तल से 7 फीट ऊंचाई तक रैलिंग बनाई थी। जानकार मानते हैं कि ठीक यह व्यवस्था सीएम द्वारा चीतों को छोड़ते समय भी करनी थी।



### सीएम की सुरक्षा में गफलत की कई घटना

- जनवरी 2025 में सिवनी में भूमि अधिकार पत्रक वितरण के कार्यक्रम में शामिल होने गए तब काफिले के सामने एक दंपति आ गया था।
- अगस्त 2024 में खानूगांव चौराहे पर स्टेट हैंगर से आ रहे मुख्यमंत्री के लिए सूचना के बावजूद बल उपलब्ध नहीं कराया गया। नतीजा यह हुआ कि काफिले को रोककर मार्ग विलयर कराना पड़ा।
- जुलाई 2024 में इंदौर में रिकार्ड स्तर पर लगाए जाने वाले पौधों के कार्यक्रम को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल कराने वाले दिन काफिला कुछ समय के लिए भटक गया था।
- नवंबर 2024 में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में कुछ लोगों ने नारेबाजी कर दी थी, जिसके बाद एसपी को हटा दिया था।

# आए दिन लग रहा जाम









भोपाल। द्वारका नगर रेल्वे अंडर ब्रिज पर ट्रैफिक जाम की समस्या से आए दिन वाहन चालक परेशान हो रहे हैं।

# चार तकनीक से बेहतर रखेंगे रोड, पेड़ को भी काटने की बजाय अब शिफ्ट करेंगे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भोपाल में चार तकनीक से सड़कों को बेहतर बनाया जाएगा। अभी अल्ट्रा हाई परफॉर्मेंस कंक्रीट यूएचपीसी रोड का चलन है। इससे हल्की और मजबूत सड़कें व पुल बनाए जाते हैं। इसी तरह जीएफआरपी यानि ग्लास फाइबर रिइनफोर्स पॉलिमर तकनीक से जंग प्रतिरोधी, हल्का व मजबूत निर्माण संभव है। एफडीआर यानि फुल डेप्थ रिक्लेमेशन तकनीक से मौजूदा रोड की सामग्री से ही नई रोड के लिए सामग्री बनाए ताकि सस्ती व मजबूत सड़कों का निर्माण हो। यहां व्हाइट टॉपिंग के बारे में भी बताया गया। इससे सडक् की उम्र 15 से 20 साल तक बढ़ाई जा सकती है।

इस तैयारी के बारे में विगत दिनों संभाग के पीडब्ल्यूडी इंजीनियर्स की ट्रेनिंग वर्कशॉप में मंत्री राकेश सिंह ने खुद वर्चुअल तरीके से समझाया था। प्रशिक्षण वर्कशॉप में मुख्य अभियंता के दल ने ट्रेनिंग दी। यहां भविष्य की सड़कों की बात करते हुए बताया गया कि नमीं वाले क्षेत्रों में माइक्रो सेर्फेसिंग तकनीक का उपयोग करने का कहा, जिससे ऊपर परत चिकनी और मजबूत बने। पानी के दौरान भी सुरक्षित रहे। गड्ढों की समस्या न हो। जियोग्रिड व ग्लासग्रिड तकनीक से कमजोर मिट्टी वाले स्थानों पर सड़कों को अतिरिक्त मजबूती देकर उनमें दरार को रोकने में मदद मिलती है। यहां निर्माण के दौरान पेड़ों को काटने की बजाय उनकी शिटिंग पर काम करने पर जोर दिया।




## इधर, पीडब्ल्यूडी में नई व्यवस्था होगी लागू, जीपीएस आधारित ई-लॉकिंग सिस्टम वाले टैंकरों से की जाएगी डामर की सप्लाई

निर्माण कार्यों में गुणवत्ता को सुधारने के लिए पीडब्ल्यूडी में नई व्यवस्थाएं लागू की गई है। मंत्री राकेश सिंह ने डामर की गुणवत्ता और निर्माण कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए विभागीय बैठक बुलाई थी, जिसमें यह निर्णय लिया कि अब सड़क निर्माण स्थल पर जीपीएस आधारित ई-लॉकिंगसिस्टम वाले टैंकरों से डामर की सप्लाई की जाएगी। रिफाइनरी पर टैंकर लॉक हो जाएगा और परिवहन रूट भी निर्धारित करेंगे। उसके बाद गंतव्य पर पहुंचने के बाद अनलॉक होगा। विभागीय कार्यों के निरीक्षण को लेकर भी नई व्यवस्था लागू की गई है। मुख्य अभियंताओं का दल प्रत्येक माह औचक निरीक्षण करेगा।

# फ्लाई ओवर की थर्ड लेग के लिए पक्की दुकान और मकान हटाने पहुंचा अमला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**सुभाषनगर का मामला**

राजधानी की मोतीनगर बस्ती में अतिक्रमण व निर्माण हटाने के लिये आज जेसीबी पहुंच रही हैं। सुभाषनगर ब्रिज की थर्ड लेन के लिए यहां के कुल 384 मकान और 110 पक्की दुकानें हटाई जाना है। कल ही पुलिस ने अनाउंसमेंट करके स्वेच्छा से सामान हटाने की समझाइश दी थी। इसके बाद दुकानें खाली होने लगी। इस मुद्दे पर कांग्रेस मैदान में है। स्थानीय नेता भी रहवासियों के साथ बस्ती को हटाने का विरोध कर रहे हैं। उधर डीसीपी प्रियंका शुक्ला ने पुलिस अफसरों के साथ गुरुवार को मुआयना भी किया था व हालातों का जायजा लिया। एडीएम प्रकाश नायक और एमपी नगर एसडीएम एलके खरे ने भी निरीक्षण किया था। अफसरों की समझाइश के बाद कई दुकानदारों ने सामान हटाना भी शुरू कर दिया, लेकिन कई अभी भी अ? हैं। 4 फरवरी तक बस्ती खाली करने का समय था, लेकिन पुलिस फोर्स नहीं मिलने की वजह से कार्रवाई नहीं हो सकी। दो दिन तक कार्रवाई अटकी रही। इस मोतीनगर बस्ती में कुल 384 मकान हैं। यहां 110 पक्की दुकानें भी हैं। इन दुकानों को हटाने से कार्रवाई की शुरुआत होगी। नगर निगम, पुलिस और जिला प्रशासन संयुक्त रूप से कार्रवाई करेंगे।

# ९० लाख शिकायतें बिजली कंपनी के कॉल सेंटर तक पहुंची

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

## ९९ फीसद के समाधान का दावा



मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने अपने क्षेत्र के सभी 16 जिलों में उपभोक्ताओं को बेहतर तथा गुणवत्तापूर्ण विद्युत उपलब्ध कराने का दावा किया है। कंपनी का कहना है कि उभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित निदान करने के लिए केन्द्रीयकृत कॉल सेंटर 1912 का लगातार उन्नयन करते हुए इनकमिंग चैनलों की संख्या को 550 से बढाकर 800 चैनल किया गया है ताकि उपभोक्ताओं के अधिकतम कॉल सुने जा सकें। कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने बताया कि कॉल सेंटर का उन्नयन होने से वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान कंपनी को कुल 89 लाख 96 हजार 106 कॉल प्राप्त हुई, इनमें से 99.64 प्रतिशत कॉल को सफलतापूर्वक सुना गया है। इसी तरह शिकायत निराकृत करने में भी तेजी आई है। बताया जाता है कि कपंनी द्वारा आई.व्ही.आर. तकनीक, वाईस बोट, व्हाट्सएप-चेटबॉट, उपाय एप के माध?यम से शिकायतों का निराकरण किया गया है। इनमें 15 लाख 95 हजार 123 शिकायतों को दर्ज कर उनका समाधान सुनिश्चत किया गया है तथा प्रतिदिन 500 उपभोक्ताओं का फीडबैक लिया गया।

# समाजसेवी नारायणदास चोटवानी को याद किया

## - पांचवीं पुण्य तिथि मनाई सिंधी पंचायत

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

पूज्य सिंधी पंचायत ने समाजसेवी श्री नारायणदास चोटवानी की पांचवीं पुण्यतिथि मनाई। पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी व अन्य पदाधिकारियों एवं समाज के विशिष्ठजनों ने नारायणदासजी की समाजसेवा की भावना को याद किया। चांदवानी ने कहा कि श्री नारायणदास चोटवानी दानवीर भी थे। वे गरीबों, दीन दुखियों को कम्बल, राशन, दवाइयों के अलावा आर्थिक रुप से भी सहयोग करते थे। वे असहाय महिलाओं को प्रतिमाह आर्थिक सहायता करते थे। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालो में पंचायत महासचिव नंद दादलानी, उपाध्यक्ष जगदीश आसवानी, कोषाध्यक्ष गुलाब जेठानी, सचिव मोहन मीरचंदानी, सहकोषाध्यक्ष माधव पारदासानी, राऊ वाधवानी, घनश्याम लालवानी, आदि शामिल है। अंत में प्रसाद वितरण किया गया।



**श्रीराम की प्रतिमा भेंट की:** बजरंग सेना समिति ने नुक्कड वाली माता मंदिर के पुजारी रवि पटेरिया को उनके जन्म दिन पर अयोध्या के प्रभु श्रीराम की प्रतिमा भेंट की। समिति पदाधिकारियों ने शाल-श्रीफल से स्वागत कर बधाई दी गयी। बधाई देने वालों में पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष माधु चांदवानी, बजरंग सेना समिति के मुख्य सलाहाकार रुप कुमार सोनी, सलाहाकार प्रभु मूलचंदानी, अध्यक्ष कमलेश देवानी, महासचिव गुरदास रामचंदानी, उपाध्यक्ष राज बिजोरिया, आदि शामिल थे।

**भारतीय सर्वश्रेष्ठ सम्मान :** बजरंग सेना समिति के अध्यक्ष कमलेश देवानी को भारतीय सर्वश्रेष्ठ सम्मान मिला है। भारत सरकार से मान्यता प्राप्त संस्था 'द फेयर विजन फाउण्डेशन' के संस्थापक रवि वर्मा ने देवानी को समाज सेवा के कार्यों को देखते हुए यह सम्मान दिया है। द फेयर विजन फाण्डेशन के सम्मान के लिए बधाई दी है।

**मेट्रो एंकर** | पहले फेज में बने बोर्ड बीएमसी की ग्रीन बिल्डिंग में इस्तेमाल होंगे

# पॉलीथिन और चिप्स के पैकेट से बनेंगे प्लास्टिक बोर्ड, पहले फेज का काम शुरू

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी से रोज निकलने एक टन पॉलीथिन और चिप्स के पैकेट का नगर निगम प्लास्टिक बोर्ड बनाने में करेगा। निजी कंपनी के साथ एमओयू के बाद आदमपुर में निगम ने 3.20 करोड़ से प्लास्टिक कचरा प्लांट लगाया है। रोज कचरे में इकट्ठा होने वाली पॉलिथीन-चिप्स पैकेट व प्लास्टिक मटेरियल श्रेडिंग मशीन से टुकड़े करेंगे। पिघलाकर पेस्ट को प्लास्टिक बोर्ड की शक्ल देंगे। बोर्ड की गुणवत्ता संबंधित टेस्ट होने अभी बाकी हैं। पहले फेस में बनने वाले बोर्ड का इस्तेमाल नगर निगम मुख्यालय की नई ग्रीन बिल्डिंग में फिनिशिंग में होगा। यह प्रयोग सफल होने के बाद इसे खुले बाजार में बेचने पर विचार किया जा रहा है। स्वच्छ भारत प्रतियोगिता में शामिल शहरों को अब प्रतिदिन निकलने वाले कचरे को कम करने की जिम्मेदारी दी है। इसके तहत रीसाइकिल, रीयूज और रिड्यूस फार्मूले में नए तरीके से कचरा प्रबंधन किया जा रहा है। नगर निगम का प्लांट इसी का हिस्सा है। निगमायुक्त हरेंद्र नारायण ने बताया, प्लांट में 950 किलो प्लास्टिक श्रेडिंग कर बोर्ड बना चुका है।

## कार्बन क्रेडिट बढ़ेंगे

प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट से नगर निगम कार्बन क्रेडिट रैंकिंग बढ़ाने की तैयारी में है। केंद्र को भेजे प्रस्ताव में निगम ने अब तक किए प्रयासों की जानकारी भेजी है। अधिकृत एजेंसी कार्बन क्रेडिट स्कोर तय करेगी। यह वातावरण में अनेक स्रोत से उत्पन्न होने वाली मीथेन गैस प्रभाव को कम करने के लिए दिया जाता है।



# नेहरू नगर, कोलार और शाहपुरा में बिना बस स्टॉप के खड़ी हो रहीं हैं बसें

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी स्थित नए शहर के इलाके नेहरू नगर, कोलार रोड शाहपुरा, गुलमोहर, रोहित नगर सहित कई इलाकों में संचालित लाल बसें यानी लो-फ्लोर बसों के पहिए कहीं भी रुक जाते हैं। बिना बस स्टॉप के बस रोकने के कारण वाहन चालकों को आए दिन परेशानियां उठानी पड़ रही हैं। कई बार तो बसों के पीछे चलने वाले वाहनों को अचानक बस के खड़े होने के कारण दुर्घटनाग्रस्त भी होना पड़ रहा है। ऐसे में शहर के वाहन चालकों की मांग है कि लो-फ्लोर बसों को संचालित करने वाली कंपनियां इस बात पर जोर दें कि जहां पर बस स्टॉप हो वहीं पर यह बसें खड़ी हो। हर कहीं सवारी बैठाने के लिए बस रोकना सही नहीं है। इस संबंध में कई लोगों ने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत भी दर्ज कराई है। लोगों का कहना है कि कोलार रोड में सिक्सलेन सड़क निर्माण के बाद अब तक बस स्टॉप नहीं बने हैं। बस स्टॉप नहीं होने के कारण बस वाले कहीं भी सवारी बैठाने के चक्कर में गाड़ी खड़ी कर देते हैं, जिससे एक्सीडेंट हो रहे हैं। नगर निगम प्रशासन को इस मामले में सख्ती करनी चाहिए।

**बस स्टॉप हटने से बढ़ी परेशानी:** कोलार मेन रोड में कुछ साल पहले स्थापित किए गए बस स्टापेज भी अब सिक्सलेन सड़क निर्माण के कारण हटाए जा चुके हैं। स्टॉपेज हटने के बाद लो-फ्लोर बसों में सफर करने वाले यात्रियों को परेशान होना पड़ रहा है। इसका कारण है अब यह बसें कहीं भी खड़ी होने लगी हैं। अभी तक इनके नए स्टॉपेज तय नहीं हुए हैं। इसके कारण हजारों यात्रियों को परेशानियां उठानी पड़ रही हैं। शहर के रोहित नगर क्षेत्र हो या नेहरू नगर या फिर शाहपुरा। लो-फ्लोर बस ड्राइवर नियमों को नहीं मानते। जहां उन्हें सवारी मिलती है, वहीं वे बस के ब्रेक लगा देते हैं। इससे बस की पीछे चलने वाले वाहनों को बहुत परेशानी होती है। कई बार एक्सीडेंट भी होते हैं। इस पर तत्काल एक्शन होना चाहिए। बसों के स्टॉपेज तय करना जरूरी- लो-फ्लोर बसों में सबसे अधिक यात्री सर्वधर्म कॉलोनी, मंदाकिनी चौराहे, बीमाकुंज, विनीतकुंज तिराहे एवं गेहूंखेड़ा नहर चौराहे से सवार होते हैं।



# ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में निजी व सरकारी अस्पताल रहेंगे तैनात

## सीएमएचओ व अस्पताल प्रमुख को लिखा पत्र, कहा- स्टाफ सहित सभी उपलब्धता सुनिश्चित करें

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी में 24 व 25 फरवरी में होने जा रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में सभी सरकारी और निजी अस्पतालों को सेवा देना होगी। इसको लेकर सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी ने सभी अस्पताल के प्रमुख अधिकारियों को पत्र लिखा है। आदेश में कहा गया है कि, 24 एवं 25 फरवरी को मानव संग्रहालय में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट आयोजित की जा रही है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा केंद्रीय एवं राज्यों के मंत्री, स्वदेशी व मल्टीनेशनल कंपनियों के प्रतिनिधि, उद्योगपति केंद्र और राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी तथा गणमान्य नागरिक शामिल होंगे। इनमें से कई अतिथि समिट प्रारंभ होने के पूर्व ही भोपाल आ जाएंगे। समिट समापन के बाद आसपास के पर्यटक स्थलों के भ्रमण उपरांत प्रस्थान करेंगे। इसलिए सभी चिकित्सालयों को सेवा देने के लिए तैयार रहना होगा। सभी अस्पतालों के लिए अपनी-अपनी संस्थाओं में अतिथियों की भोपाल में उपस्थिति के परिप्रेक्ष्य में चिकित्सा सुविधाएं बनाना आवश्यक है। पर्याप्त संख्या में चिकित्सकों-पैरामेडिकल स्टॉफ, सपोर्ट स्टॉफ की उपलब्धता, ऑपरेशन थियेटर, विभिन्न समूहों के रक्त, जीवन रक्षक उपकरण, औषधियां, सामग्री, ऑक्सीजन की उपलब्धता सुनिश्चित करें।

### 17 फरवरी के पहले उपकरणों की करेंगे जांच

सीएमएचओ डॉ प्रभाकर तिवारी ने ने पत्र में सभी अस्पतालों को 17 फरवरी के पूर्व चिकित्सालय के उपकरणों, एंबुलेंस एवं इसके उपकरण, विद्युत व्यवस्था एवं जनरेटर की कार्यशीलता की जांच कर ली जाए। यदि वे क्रियाशील नहीं हैं, तो इनमें तत्काल सुधार करवाएं। इसके लिए डॉ मनोज हुमरा? जिला स्वास्थ्य अधिकारी एवं जेपी अस्पताल में पदस्थ डा. राजेन्द्र सुथार नोडल अधिकारी होंगे।



# सौरभ के पीछे अभी कितने रसूखदार नामों पर परदा!

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

लोकायुक्त समेत तमाम एजेंसियां जिस सौरभ शर्मा के पीछे पड़ी है, उसी के पीछे कई चेहरों की चर्चा खूब चल रही है। कहा तो यहां तक जा रहा है कि सौरभ का साम्राज्य खड़ा करने में इन रसूखदार चेहरों का खूब योगदान है। वहीं कहीं न कहीं एक मंत्री और कांग्रेस के एक पूर्व विधायक का नाम भी उछाला जा रहा है। सूत्रों की मानें तो खुद लोकायुक्त संगठन के लिए भी नाम अंजान नहीं है, बल्कि बाकायदा लिखा–पढ़ी में इनकी शिकायतें हुई है। लेकिन लोकायुक्त् के अधिकारी इन तीनों नामों से पूछताछ करने की बजाए सौरभ व उसके चंद दोस्तों तक ही सीमित है।



**लोकायुक्त को पता है इन सभी नाम, क्योंकि शिकायतकर्ताओं ने इनकी नामजद की है शिकायत ?**

माना जाता है कि ये नाम सरकार को भी पता है, क्योंकि शिकायतकर्ता ने एक प्रति सरकार को भी भेजी है। सूत्र बताते हैं कि इसी तरह नरेन्द्र सिंह नामक आरक्षक के खिलाफ आरोप है, लेकिन पूछताछ नहीं की जा रही है। आरक्षक रहे गौरव सिंह, हेमंत जाट, धनंजय सिंह के खिलाफ भी शिकायत हुई है। पहले यह शिकायत लोकायुक्त् एसपी और फिर लोकायुक्त् डीजी को हुई। सूत्रों के मुताबिक फिर से इन लोगों से पूछताछ नहीं की जा रही है। इन आरक्षकों के खिलाफ 29 दिसंबर 2024 को शिकायत हुई है। ये शिकायत ग्वालियर के संकेत साहू ने की है, जो कि पेशे से वकील है। उसका कहना है कि मंत्री, पूर्व मंत्री व विधायक के साथ–साथ इन आरक्षकों व पूर्व आरक्षकों से पूछताछ हो तो सब कुछ सामने आ जाएगा। सौरभ के अलावा भी परिवहन में उगाही करने वाले और लाभ कमाने वाले सैंकड़ों लोग सामने आ जाएंगे। हालांकि लोकायुक्त की जांच व आरोपियों की रिमांड के बाद अब लोगों का कहना है कि अधिकारी इन नामों को बचाने के लिये पूरा फोकस सौरभ पर ही केंद्रित रखा गया है।

## वन विभाग के 10 हजार से अधिक स्थाई कर्मियों को मिलेगा लाभ

# चौदह साल की लड़ाई के बाद वन विभाग के स्थाई कर्मियों को मिलेगी 10 लाख ग्रेच्युटी

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के 10 हजार से अधिक स्थाई कर्मियों को अब 10 लाख ग्रेज्युटी मिलेगी। मप्र को यह लाभ देने में 14 साल लग गए। जबकि केंद्र ने 2010 में ही अपने कर्मचारियों को यह लाभ दे दिया था। स्थाई कर्मियों को यह लाभ सेवानिवृत्त होने पर मिलेगा। यदि किसी स्थाई कर्मी की सेवा के दौरान मौत हो जाती है तो उसके परिजनों को उक्त लाभ मिलेगा। इन कर्मचारियों को अब तक 3.50 लाख रुपये का लाभ मिलता था, उसमें से भी कई प्रकार की कटौती हो जाती थी। इतनी कम राशि से इन परिवारों का गुजर–बसर नहीं हो पाता था।

### वन कर्मचारियों ने किया संघर्ष

असल में केंद्र सरकार ने ग्रेच्युटी अधिनियम 1972 के स्थान पर नए ग्रेजुएटी अधिनियम 2010 प्रतिस्थापित कर दिए थे। इसके तहत कर्मचारियों को ग्रेजुएटी साढ़े तीन लाख के स्थान पर अधिकतम 10 लाख रुपए भुगतान किए जाने की निर्देश थे लेकिन मध्य प्रदेश में 14 साल तक इसका पालन नहीं किया गया। इसको लेकर केंद्र के बराबर ग्रेज्युटी पाने के लिए प्रदेश के कई कर्मचारी संगठनों ने लड़ाई लड़ी थी। कर्मचारियों का कहना था कि जब केंद्र बढ़ाकर राशि दे रहा है तो इसका पालन मप्र को भी करना चाहिए, लगातार संघर्ष के बाद वन विभाग ने गुरुवार आदेश जारी किए हैं।



### मप्र में 50 हजार स्थाई कर्मी

मप्र में 50 हजार से अधिक स्थाई कर्मी है। इन्हें नाममात्र का भुगतान होता है, ये लंबे समय से शासकीय कर्मचारी की तरह दर्जा मांग रहे हैं लेकिन सरकार इस दिशा में कोई सुनवाई नहीं कर रही है। इनमें से हजारों कर्मचारियों की तो मौत् हो चुकी है, जिनके स्वजनों को अनुकंपा नियुक्ति् तक नहीं दी गई।

## आरजीपीवी : कोर्सेस में प्रोविजनल रजिस्ट्रेशन की अंतिम तारीख 28 फरवरी

**भोपाल।** आरजीपीवी ने सभी सरकारी पॉलिटेक्निक, महिला और प्राइवेट पॉलिटेक्निक के लिए छठवें सेमेस्टर इंजीनियरिंग के संचालन के लिए शेड्यूल जारी कर दिया है। इसके तहत इस सेमेस्टर की कक्षाएं अब शुरू हो गई हैं। इस सेमेस्टर में अंतिम शैक्षणिक दिवस 29 अप्रैल तक रहेगा। इसी के साथ संस्थान में संचालित होने वाले कोर्सेस में प्रोविजनल रजिस्ट्रेशन की अंतिम तारीख 28 फरवरी रहेगी। पहला इंटरनल असेसमेंट मार्च में आरजीपीवी द्वारा जारी किए गए शेड्यूल के अनुसार पहला इंटरनल असेसमेंट मार्च के प्रथम सप्ताह, दूसरा इंटरनल असेसमेंट अप्रैल के प्रथम सप्ताह और तीसरा इंटरनल असेसमेंट अप्रैल के अंतिम सप्ताह में होगा।

## आयुष मंत्री की अध्यक्षता में हुई पुरस्कार चयन समिति की बैठक

**भोपाल।** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार की अध्यक्षता में मंत्रालय में आयुष विभाग अंतर्गत पुरस्कार चयन समिति की बैठक हुई। बैठक में पंडित उद्धवदास मेहता वैद्यशास्त्री आयुर्वेद सेवा सम्मान पुरस्कार वर्ष-2023 के लिए पुरस्कार चयन समिति ने व्यापक विचार मंथन किया। बैठक में सर्वसम्मति से वर्ष-2023 के उक्त पुरस्कार के लिए नाम का चयन किया गया। आयुष मंत्री परमार ने वर्ष-2022 एवं वर्ष-2023 के पंडित उद्धवदास मेहता वैद्यशास्त्री आयुर्वेद सेवा सम्मान पुरस्कार, समारोहपूर्वक शीघ्र प्रदान किए जाने के निर्देश दिए। मंत्री परमार ने पुरस्कार वर्ष-2024 के लिए शीघ्र विज्ञापन जारी करने के निर्देश भी दिए। ज्ञातव्य है कि पूर्व बैठक में सर्वसम्मति से वर्ष-2022 के उक्त पुरस्कार के लिए नाम का चयन किया जा चुका है। बैठक में प्रमुख सचिव आयुष डीपी आहूजा एवं आयुक्त आयुष आर उमा माहेश्वरी सहित समिति के सदस्य डॉ. एसएन पांडे (उज्जैन) एवं वैद्य प्रभाकर चतुर्वेदी (रीवा) सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## मानव संग्रहालय में 11-12 को जनजातीय साहित्य महोत्सव

**भोपाल।** राजधानी स्थित मानव संग्रहालय में 11 एवं 12 फरवरी को जनजातीय साहित्य महोत्सव का आयोजन किया जाएगा है। इस विशेष महोत्सव में देशभर से आदिवासी विद्वान, लेखक एवं शोधकर्ता भाग लेंगे और चार से अधिक सत्रों में विभिन्न विषयों पर परिचर्चा करेंगे साथ ही अपने शोधपत्र प्रस्तुत करेंगे। इसके अतिरिक्त महोत्सव के प्रमुख आकर्षण सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जनजातीय संस्कृति के रंगों से सराबोर लोक नृत्य और गीतों की विशेष प्रस्तुतियां खास होंगी। राजस्थानी लोक नृत्य दल कालबेलिया, चकरी जैसे प्रसिद्ध राजस्थानी नृत्य एवं लोकगीत प्रस्तुत करेगा। बुंदेली लोक नृत्य दल (छतरपुर) दल में 12 कलाकार भाग लेंगे, जो बुंदेली लोकगीत एवं नृत्य प्रस्तुत करेंगे। महोत्सव में जनजातीय व्यंजनों का विशेष आयोजन किया जाएगा। इसमें भारिया एवं गोंड कलाकार (तामिया, छिंदवा?ा) और भील (झाबुआ) एवं बघेली (रीवा) दल पारंपरिक भोजन तैयार करेंगे। पुस्तक प्रदर्शनी में लगभग 16 प्रकाशक अपने स्टॉल लगाएंगे, जहां जनजातीय साहित्य से संबंधित दुर्लभ एवं महत्वपूर्ण पुस्तकों का प्रदर्शन किया जाएगा।

## कॉलेज विद्यार्थियों को सिखाए डिजिटल फ्रॉड से बचने के गुर

**भोपाल।** साइबर पुलिस और निर्भया फाउंडेशन द्वारा डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन फ्रॉड, साइबर बुलिंग, फिशिंग और डिजिटल सेफ्टी के लिए जागरुकता अभियान चला रहा है। जिसके तहत निर्भया की टीम ने रायसेन रोड स्थित एलएनसीटी कॉलेज के 13 सौ से अधिक छात्रों को जागरूक किया। इस दौरान निर्भया के एक्सपर्ट ने डिजिटल फ्राड से बचने के गुर सिखाए। कार्यक्रम की शुरूआत में निर्भया फाउंडेशन के अध्यक्ष शेर अफजल खान ने साइबर सुरक्षा से संबंधित अहम जानकारियां छात्रों को देते हुए बताया कि आजकल ऑनलाइन फ्रॉड, साइबर बुलिंग, फिशिंग और डिजिटल सेफ्टी उपायों का अपनाना बहुत जरूरी हो गया है। कार्यक्रम के दौरान क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एडिशनल एसपी देहात डॉ. नीरज चौरसिया सहित फाउंडेशन की डायरेक्टर समर खान भी मौजूद रहीं।

## नवोदय में 9-11वीं में प्रवेश के लिए 8 फरवरी को होगी परीक्षा

**भोपाल।** राजधानी के रातीबड़ स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। कक्षा 9वीं - 11वीं में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा-2025 आयोजन 8 फरवरी को किया जाएगा। यह परीक्षा भोपाल जिले में दो केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा के प्रवेश-पत्र ऑनलाइन उपलब्ध कराए गए हैं। जवाहर नवोदय विद्यालय प्राचार्य ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों का प्रवेश- पत्र ऑनलाइन स्वयं ही प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश-पत्र प्राप्त करने में कोई समस्या हो तो दूरभाष 0755-2896325 एवं मोबाइल नंबर 95843-59571 पर सपंर्क किया जा सकता है।



## 7 लाख पुराने वाहनों में लगी हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट



**भोपाल.** प्रदेश में एक अप्रैल, 2019 के बाद पंजीकृत होने वाले नये वाहनों में परिवहन विभाग हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) लगा रहा है। इसके पूर्व पंजीकृत वाहनों में भी सोसायटी ऑफ इण्डियन ऑटोमोबाइल मैन्युफेक्चर्स (एसआईएएम) के माध्यम से वाहन स्वामी द्वारा हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवायी जा रही है। वाहनों में एचएसआरपी लगाये जाने से वाहन की नम्बर प्लेट में किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी और अपराध किये जाने पर रोक लगाने में काफी मदद मिली है। वाहन चोरी की दशा में उसे ट्रेस करने में भी मदद मिल रही है। प्रदेश में पुराने रजिस्टर्ड वाहनों में हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाये जाने का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। प्रदेश में अब तक 7 लाख से अधिक पुराने रजिस्टर्ड वाहनों में एचएसआरपी लगवायी जा चुकी हैं।



## संपादकीय

# खराब तरीका और खामोशी

बहुत बेआबरू तरीके से अमेरिका से भारत भेजे गये अवैध प्रवासी भारतीयो के मामले में बहस छिड गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शपथ ग्रहण से पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि वे अवैध प्रवासियों के साथ कड़ाई से निपटेंगे। उन्होंने एच-वनबी वीजा समाप्त करने की भी घोषणा कर दी थी, मगर कड़े विरोध के कारण उन्होंने अपना कदम रोक लिया था। मगर अब जिस तरह से अमेरिका प्रशासन ने एक सौ चार अवैध प्रवासी भारतीयों का पहला जत्था वापस भेज दिया है। वह बहुत अमानवीय और अतार्किक सा लग रहा है। बताया जा रहा है कि ऐसे करीब अठारह हजार भारतीय मूल के लोग अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे हैं और उन सभी को वापस भेजा जाएगा। निश्चय ही इस तरह अमेरिका ने भारत सहित दुनिया के तमाम देशों को सख्त संदेश दिया है कि वह अपने आव्रजन कानूनों को सख्ती से लागू कर रहा है। इससे बिना जरूरी कागजात के, अवैध तरीके से, अमेरिका में प्रवेश की कोशिश करने वालों पर लगाम लगेगी।

बताया जाता है कि अमेरिका में अवैध घुसपैठ करने वालों में सबसे अधिक लोग भारत के होते हैं। ट्रंप ने कहा था कि ऐसे लोगों की वजह से अमेरिका पर नाहक भारी वित्तीय बोझ पड़ता और सुरक्षा को खतरा पैदा होता है। इसलिए उन सीमाओं पर भारी संख्या में सुरक्षाबल तैनात कर दिए गए हैं, जहां से अवैध प्रवासी प्रवेश करते हैं। कोई भी देश अपने यहां लोगों को अवैध रूप से प्रवेश की इजाजत नहीं देता। युद्ध, अकाल आदि स्थितियों में कुछ लोग पलायन कर दूसरे देशों में शरण लेने का प्रयास करते हैं, उन्हें कुछ समय के लिए नजरअंदाज कर दिया जाता है। मगर रोजी-रोजगार की तलाश में गलत तरीके से प्रवेश करने की इजाजत किसी को नहीं दी जा सकती। इसलिए जब ट्रंप ने अवैध प्रवासियों का मुद्दा उठाया, तो भारत ने कहा कि वह अपने नागरिकों को वापस लेने को तैयार है। मगर अमेरिका चूंकि उन्हें अपराधी मानता है, इसलिए वह उनके साथ उसी तरह निपटना चाहता है। पहली खेप में वापस भेजे गए लोगों को जिस तरह बेड़ियों में जकड़ कर सेना के विमान पर बिठाया गया, वह विचलित करने वाला दृश्य था। जबकि यह हकीकत किसी से छिपी नहीं है कि अवैध रूप से अमेरिका गए लोगों का इरादा किसी प्रकार की आपराधिक गतिविधियां चलाने का नहीं था। वे बेरोजगारी के मारे हुए लोग हैं और वहां जाकर कुछ बेहतर जीवन जीना चाहते हैं। इसलिए उन्हें वापस भेजते वक्त अपराधियों की तरह परेड कराने के बजाय मानवीय तरीका अपनाने की अपेक्षा गलत नहीं है। भारत के साथ तालमेल करके कोई गरिमापूर्ण रास्ता निकाला जा सकता था और आगे भी ऐसा करने के लिये भारत को अपना कूटनीतिक मोर्चा खोलना होगा। अमेरिका में आव्रजन नीतियों को कड़ा बनाने पर विशेष बल है। इससे वहां रह रहे भारतीय मूल के लोगों में स्वाभाविक ही भय है। हकीकत तो यह है कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था में भारतीय मूल के लोगों का योगदान महत्त्वपूर्ण है। उन्हें अगर ट्रंप प्रशासन बिना तार्किक आधार के निकालने या रोकने का प्रयास करेगा, तो उसकी अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव जल्दी ही दिखना शुरू हो जाएगा। यही वजह है कि ट्रंप के जन्मजात नागरिकता संबंधी संवैधानिक प्रावधान के विरुद्ध फैसले को लेकर विरोध तल्ख हो गया है। उसे वहां की अदालत में चुनौती दी गई है। देश की अर्थव्यवस्था और सुरक्षा की चिंता ट्रंप को होनी ही चाहिए, मगर मनमाने तरीके से कानून बदलने और फैसले थोपने को वहां कोई स्वीकार नहीं करेगा। अमेरिका के इस खराब तरीके पर सरकार खामोशी ठीक नहीं।

**समय और सागर की लहर किसी की प्रतीक्षा नहीं करती।**
**- रिचर्ड ब्रैथवेट**

## आज का इतिहास

- 1792: आस्ट्रेलिया एवं प्रुशिया ने फ्रांस के खिलाफ समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- 1831: बेल्जियम में संविधान लागू।
- 1856: नवाब वाजिद अली शाह ने अवध राज्य का ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी में विलय किया।
- 1904: अमेरिका के बाल्टीमोर में आग लगने से 1500 इमारतें राख।
- 1915: चलती ट्रेन से पहली बार भेजा गया वायरलेस संदेश स्टेशन को प्राप्त हुआ।
- 1940: ब्रिटेन में रेलवे का राष्ट्रीयकरण हुआ।
- 1942: यूनाइटेड किंगडम ने थाईलैंड के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- 1945: ब्रिटेन, अमेरिका और रूस ने द्वितीय विश्व युद्ध के अंतिम चरण पर चर्चा की।
- 1947: अरब और यहूदियों ने फिलीस्तीन को विभाजित करने के ब्रिटेन के प्रस्ताव को खारिज किया।
- 1959: फिदेल कास्त्रो ने क्यूबा के नए संविधान की घोषणा की।
- 1962: अमेरिका ने क्यूबा से सभी तरह के आयात पर रोक लगाई।
- 1962: जर्मनी की कोयला खदान में विस्फोट। 298 मजदूरों की मौत।
- 1965: अमेरिका ने उत्तरी वियतनाम में हवाई हमले शुरू किए।
- 1983: कोलकाता में ईस्टर्न न्यूज एजेंसी की स्थापना।
- 1987: जापान ने अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस को मान्यता दी।
- 1992: स्वदेशी तकनीक से निर्मित पहली पनडुब्बी (आईएनएस शाल्की) को नौसेना में शामिल किया गया।
- 1997: अमेरिका के स्टीफन स्क्यूवैल इंटरनेशनल कोर्ट के अध्यक्ष चुने गए।
- 1999: जार्डन के शाह हुसैन की मृत्यु, अब्दुला नए शाह बने।

## निशाना

### बढ़ रही है धड़कन !



-कृष्णेन्द्र राय

चंद घंटों में ही ।
साफ अब तस्वीर ।।
धराशायी कौन होगा ?
और कौन है वीर ।।
मतपेटी में सबकी ।
बंद हुई तकदीर ।।
कैमरे पर बार- बार ।
हो रहे अधीर ।।
बढ़ रही है धड़कन ।
मन्नतों का दौर ।।
बोल रहे ना खुलकर ।
जो बने सिरमौर ।।
खूब हुई है मेहनत ।
बन जाए सरकार ।।
मनोरंजन के किस्से भी ।
हैं नाना प्रकार ।।

# अवैध भारतीय प्रवासियों से जुड़े यक्ष प्रश्न

**वर्तमान में शरणार्थी संकट और अवैध प्रवासन एक वैश्विक चुनौती बन चुका है। एक ओर अमेरिका में शरणार्थियों के प्रति कठोर रवैया अपनाया जा रहा है, वहीं भारतीय विदेश मंत्रालय भी इस मुद्दे पर स्पष्ट नीति नहीं दिखा पा रहा है। जो अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के उल्लंघन और प्रवासी भारतीयों की कठिनाइयों पर गंभीर सवाल हैं।**

■ पुष्परंजन

आगामी 12 और 13 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका का दौरा करेंगे। उससे पहले वे 11 फरवरी को फ्रांस जाएंगे। यह भी मोदी डिप्लोमेसी के लिए परीक्षा की घड़ी थी, कि अमेरिकी सेना का विमान उनकी यात्रा से पहले अवैध घोषित 205 नागरिकों को लेकर अमृतसर उतरा। हथकड़ी लगे 205 अवैध प्रवासी, इनमें 25 महिलाएं, 12 बच्चे। और सेना के उस विमान में केवल एक टॉयलेट। सोचिये, कितना अमानवीय है? मोदी सरकार फिर भी, 'मैं चुप रहूंगी' की मुद्रा में। अवैध भारतीय प्रवासी पहले भी गल्फ और यूरोप से डिपोर्ट किये गए हैं, मगर यह तरीक़ा कितना सही था, जेनेवा कन्वेंशन भी भूल गए? और क्या भारत अपने यहां रहे शरणार्थियों के साथ ट्रम्प मॉडल अपनाये? क्या उन्हें भी सेना के विमानों द्वारा ढुलवाकर संबंधित देशों में भेजना शुरू करे?दुनियाभर में शरणार्थियों, विस्थापित लोगों की स्थिति 2024 में, गुज़रे सालों की अपेक्षा सबसे बदतर रही है। 'यूएन हाईकमिश्नर फॉर रिफ्यूजी' कार्यालय के उच्चायुक्त फिलिपो ग्रांडी ने बताया था, कि पिछले वर्ष युद्ध, हिंसा, और उत्पीड़न के कारण 114 मिलियन लोग दुनियाभर में विस्थापित हुए। अमेरिका में उन दो लाख अफ़ग़ानों की जान भी सांसत में है, जिन्हें जो बाइडेन प्रशासन ने बसने की अनुमति दी थी। ट्रम्प द्वारा शरणार्थी प्रवेश कार्यक्रम को निलंबित करने के बाद, अमेरिका में पुनर्वास की प्रतीक्षा कर रहे सीरिया-अफ़ग़ानिस्तान समेत कई मुल्कों के नागरिकों का भाग्य अधर में लटक गया है। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी, 'यूएनएचसीआर' का अनुमान था, कि दुनिया भर में 30 लाख शरणार्थियों को 2025 में पुनर्वास की आवश्यकता होगी। लेकिन, ट्रम्प के इस क़दम से पुनर्वास पर एक बड़ा सवाल खड़ा हो चुका है। अमेरिका, यदि 'जेनेवा कन्वेंशन प्रोटोकॉल-टू' पर हस्ताक्षर किये होता, ट्रम्प या उनके पूर्ववर्ती जो बाइडेन इस तरह की ज़बरदस्ती नहीं कर पाते। गंभीर नागरिक संघर्षों में शामिल व्यक्तियों को मानवाधिकार सुरक्षा प्रदान करता है। सामूहिक दंड, यातना, व्यक्तिगत गरिमा पर आघात, अपमानजनक व्यवहार, बलात्कार, वेश्यावृत्ति के लिए बाध्य करने और किसी भी प्रकार के अभद्र हमले को प्रोटोकॉल-टू की धाराओं के ज़रिये प्रतिबंधित किया गया है।




ट्रंप, इस समय 'अमेरिका केवल अमेरिकन्स का है', का राष्ट्रवादी नारा लगा रहे हैं। मगर, यह भूल जाते हैं कि इस देश का निर्माण, बाहरी आबादी की बसावट से हुआ है। अमेरिका को किसने और कब उपनिवेश बनाया, इस सवाल पर लंबे समय से गरमागरम बहस चल रही है। माना जाता है, कि मूल अमेरिकी पूर्वोत्तर एशिया से आए थे। बाजा (कैलिफ़ोर्निया) में हाल के शोध से पता चलता है, कि महाद्वीप की प्रारंभिक बसावट दक्षिण-पूर्व एशियाई लोगों द्वारा संचालित थी, जिन्होंने पहले ऑस्ट्रेलिया पर कब्जा कर लिया था, और फिर लगभग 13,500 साल पहले अमेरिका में फैल गए। यह पूर्वोत्तर एशिया से मंगोलॉयड लोगों के आने से पहले की बात है।

लेकिन, इस समय अमेरिका, 'खाता न बही, जो ट्रंप कहे वही सही' के मार्ग पर अग्रसर है। ट्रंप दरअसल, अपने पूर्ववर्ती जो बाइडेन से बड़ी लकीर खींचना चाहते हैं। जो बाइडेन प्रशासन ने पिछले वित्तीय वर्ष में 271,484 अवैध आप्रवासियों को निर्वासित किया था, जो 2014 के बाद से निर्वासन का उच्चतम रिकार्ड रहा है। लेकिन ट्रंप भी चेहरा देखकर, अवैध घोषित शरणार्थियों को सेना के विमान से ढो कर भेज रहे हैं। जो बाइडेन ने जून, अक्तूबर, और नवंबर, 2024 में तीन चार्टर उड़ानों के ज़रिये 350 चीनी नागरिकों को उनके देश वापस भेज दिया था। चीन के 37,908 मामले हैं, जबकि भारत में 17,940 मामले हैं। लेकिन, सेना का विमान? चीन के सन्दर्भ में व्हाइट हॉउस ऐसा 'एडवेंचर' नहीं करेगा।

पर सवाल है, क्या भारतीय विदेश मंत्रालय और वाशिंगटन स्थित भारतीय दूतावास के अधिकारी ऐसी कार्रवाई से अनभिज्ञ थे? बहुत पुरानी बात नहीं, जब भारतीय संसद में अवैध प्रवासी भारतीय नागरिकों का सवाल उठा था। कांग्रेस नेता दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने विदेश मंत्री से चार सवालों के उत्तर मांगे थे–(क) 2019 से अब तक अमेरिका, कनाडा, यूरोपीय संघ, खाड़ी देशों में अवैध रूप से प्रवेश करने/रहने के दौरान पकड़े गए/निर्वासित किए गए भारतीयों का राज्यवार ब्यौरा क्या है? (ख) बिना वीजा अवैध रूप से भारतीय दूसरे देशों में किन कारणों से जा रहे हैं? (ग) क्या पिछले कुछ वर्षों से अमेरिका, कनाडा, यूरोपीय संघ, दक्षिण पूर्वी एशियाई और खाड़ी देशों में भारतीय कामगारों के आव्रजन में बड़ी गिरावट आई है? (घ) इन देशों में भारतीय कामगारों के प्रवास में इतनी बड़ी गिरावट के क्या कारण हैं?

8 फरवरी, 2024 को विदेश राज्यमंत्री वी. मुरलीधरन ने जवाब में कहा, कि विदेशी नागरिकों के निर्वासन के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया हर देश में अलग-अलग होती है। कुछ देश निर्वासित व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं करते हैं, और निर्वासन तक उन्हें हिरासत या निर्वासन केंद्रों में रखते हैं। ऐसे में, हमारे मिशन, दूतावासों के पास विदेशों में अवैध रूप से रहने या काम करने वाले भारतीयों की संख्या के बारे में कोई विश्वसनीय डेटा नहीं है। वी. मुरलीधरन ने यह भी बताया, विदेश मंत्रालय ने संभावित प्रवासियों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए 2018 में 'सुरक्षित रहें - प्रशिक्षित रहें' अभियान शुरू किया था। भारत ने यू.के., फ्रांस, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, इटली जैसे देशों के साथ छह प्रवासन समझौतों (एमएमपीए) पर हस्ताक्षर किए हैं, साथ ही इज़राइल, डेनमार्क, पुर्तगाल, जापान, मॉरीशस, जॉर्डन और जी.सी.सी. देशों सहित बारह देशों के साथ श्रम गतिशीलता समझौतों (एल.एम.ए.) पर हस्ताक्षर किए हैं। लेकिन, इससे क्या इससे कबूतरबाज़ी रुक गई? वी. मुरलीधरन ने संसद को बताया था कि 31 जनवरी, 2024 तक 2959 अवैध एजेंट सरकार के संज्ञान में हैं। इन पर किस तरह की क़ानूनी कार्रवाई हुई, विदेश मंत्रालय ने इसकी जानकारी नहीं दी।

ठीक से देखा जाये, तो इस विषय पर भारतीय विदेश राज्य मंत्री मुरलीधरन ने हाथ खड़े कर दिए थे। दरअसल, यह एक ग्लोबल रैकेट है, जिसका सच जानकर आश्चर्य नहीं होना चाहिए, कि यूरोपीय-अमेरिकी नेता और नौकरशाह तक मानव तस्करी को सरपरस्ती देते रहे हैं। इस नेक्सस को बड़े से बड़ा शासन प्रमुख तोड़ नहीं पाया है। पीईयू रिसर्च सेंटर बताता है, '2022 तक, सात लाख 25000 भारतीय अमेरिका में रह रहे थे, जो उन्हें मैक्सिकन और होंडुरास के बाद तीसरा सबसे बड़ा समूह बनाता है।' इसके विपरीत, माइग्रेशन पॉलिसी इंस्टीट्यूट (एमपीआई) ने यह आंकड़ा 375,000 बताया है, जो भारत को पांचवें स्थान पर रखता है। लेकिन, यह केवल अमेरिका का मामला नहीं है। वैध-अवैध रूप से गए भारतीय प्रवासी, दुनियाभर में आबोदाना और आशियाना के लिए अपना ठिकाना बना चुके हैं, उनका सवाल भारतीय अस्मिता का भी सवाल है!

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

# पुस्तक-महाकुम्भ से एक नए दौर का सूत्रपात

■ ललित गर्ग

देश में दो महाकुंभ चल रहे हैं, एक प्रयागराज में सनातन धर्म का महाकुंभ तो दूसरा दिल्ली में पुस्तकों का महाकुंभ। 1 फरवरी से 9 फरवरी 2025 तक प्रगति मैदान के भारत मंडपम में पाठकों, लेखकों और प्रकाशकों एक भव्य महा-उत्सव जो पांच दशकों की समृद्ध विरासत के साथ, साहित्य, संस्कृति और ज्ञान का जीवंत संगम बना हुआ है। इस वर्ष के पुस्तक मेले की मुख्य थीम 'रिपब्लिक ञ्च 75' है, जो भारतीय संविधान के 75 वर्षों के जश्न पर एक मजबूत भारत की परिकल्पना, राष्ट्र-निर्माण में प्रगति, और 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य पर केन्द्रित है। पुस्तक मेले का एक मुख्य आकर्षण बच्चों का मंडप है, जिसका उद्देश्य बच्चों के साहित्य को बढ़ावा देना और युवाओं में पढ़ने की आदत विकसित करना है। पुस्तक मेला केवल किताबों तक सीमित नहीं है; यह सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का भी एक मंच है। मेले में आयोजित नाट्य, संगीत, लोक कला और परंपरागत प्रस्तुतियाँ इसे एक समग्र अनुभव और वैश्विक दृष्टिकोण के संवाद का अवसर प्रदान कर रही है। इस अवसर पर विभिन्न देशों के साहित्यिक प्रतिनिधिमंडल की सहभागिता हो रही है, जो अपने सांस्कृतिक मूल्यों, परंपराओं और साहित्यिक दृष्टिकोण को साझा कर रहे हैं। आज डिजिटलीकरण और कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) के दौर में भले ही पुस्तकों की उपादेयता एवं अस्तित्व पर प्रश्नचिन्ह टंग रहे हो, लेकिन ऐसे अनूठे एवं विलक्षण पुस्तक मेले पुस्तकों की उपयोगिता, प्रासंगिकता एवं महत्व को नये पंख भी दे रहे हैं।

पुस्तक मेलों की परंपरा भारत और विश्व में सैकड़ों वर्षों से चली आ रही है। प्राचीन भारत में भी पांडुलिपियों के आदान-प्रदान और साहित्यिक संवाद की परंपरा थी। आधुनिक युग में, पुस्तक मेले का आयोजन पहली बार यूरोप में 15वीं शताब्दी में हुआ। गुटेनबर्ग द्वारा मुद्रण तकनीक के आविष्कार के बाद पुस्तकों का वितरण तेज़ी से बढ़ा और इसने पुस्तक मेलों के आयोजन को प्रेरित किया। भारत में पुस्तक मेलों की आधुनिक परंपरा 1970 के दशक में प्रारंभ हुई, जब नेशनल बुक ट्रस्ट ने दिल्ली में पहले विश्व पुस्तक मेले का आयोजन किया। ये मेले न केवल साहित्यिक संवाद का माध्यम बने हैं, बल्कि विभिन्न भाषाओं और संस्कृतियों को जोड़ने का एक सशक्त मंच बनकर शब्द, विचार तथा भावनाओं को जीवंत किया हैं। ये केवल पुस्तकों की खरीद-बिक्री का स्थान नहीं, बल्कि भाषाई और साहित्यिक विविधता को प्रोत्साहित करते हुए समाज के विभिन्न वर्गों को एक मंच पर लाकर उनके विचारों को साझा करने का अवसर भी प्रदान करते हैं। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि पुस्तक मेले न केवल साहित्यिक चेतना को सजीव करते हैं, बल्कि गहरी सांस्कृतिक चेतना का पोषण भी करते हैं।

विश्व पुस्तक मेला न केवल पुस्तकों का उत्सव है, बल्कि यह भारत की सांस्कृतिक धरोहर, साहित्यिक समृद्धि और विविधता का उत्सव मनाने के साथ पुस्तक-संस्कृति को सजीव बनाने का अवसर भी है। इंसान की ज़िंदगी में विचारों का सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थान है। वैचारिक क्रांति एवं विचारों की जंग में पुस्तकें सबसे बड़ा हथियार है। जिसके लिए न तो कोई लाइसेंस लेना है, न ही इसके लिए किसी नियम-क़ायदे से गुज़रना है, लेकिन यह हथियार जिसके पास हैं, वह ज़िंदगी की जंग हारेगा नहीं। जब लड़ाई वैचारिक हो तो किताबें हथियार का काम करती हैं। किताबों का इतिहास शानदार और परम्परा भव्य रही है। पुस्तकें मनुष्य की सच्ची मार्गदर्शक हैं। पुस्तकें सिर्फ जानकारी और मनोरंजन ही नहीं देती बल्कि हमारे दिमाग को चुस्त-दुरुस्त रखती हैं। समाज में पुस्तकें पुनः अपने सम्मानजनक स्थान पर प्रतिष्ठित हो, इसके लिये ऐसे मेले मील का पत्थर है।



पुस्तकें वैचारिक जंग के साथ-साथ जीवन-जंग को जीतने का सक्षम आधार है। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने पुस्तकों के महत्व पर लिखा है कि तोप, तीर, तलवार में जो शक्ति नहीं होती, वह शक्ति पुस्तकों में रहती है। तलवार आदि के बल पर तो हम केवल दूसरों का शरीर ही जीत सकते हैं, किंतु मन को नहीं। लेकिन पुस्तकों की शक्ति के बल पर हम दूसरों के मन और हृदय को जीत सकते हैं। ऐसी जीत ही सच्ची और स्थायी हुआ करती है, केवल शरीर की जीत नहीं! वस्तुतः पुस्तकें सचमुच हमारी मित्र हैं। वे अपना अमृतकोश सदा हम पर न्यौछावर करने को तैयार रहती हैं। उनमें छिपी अनुभव की बातें हमारा मार्गदर्शन करती हैं। हमारे मन में उठ रहे सवालों का जवाब पाने के लिए पुस्तकों से बेहतर ज़रिया कोई भी नहीं। तब भी जब हमारे आस-पास कोई नहीं है, हम अकेले हैं, उदास हैं, परेशान हैं, किताबें हमारी सच्ची दोस्त बनकर हमें सहारा देती हैं। पुस्तकों का महत्व एवं क्षेत्र सार्वकालिक, सार्वभौमिक एवं सार्वदैशिक है। जहां तक जीवन की पहुंच है, वहां तक पुस्तकों का क्षेत्र है।

पुस्तकों की यही कसौटी बताई गयी है कि वे जीवन से उत्पन्न होकर सीधे मानव जीवन को प्रभावित करती है। दो और दो चार होते हैं, यह चिर सत्य है पर साहित्य नहीं है क्योंकि जो मनोवेग तरंगित नहीं करता, परिवर्तन एवं कुछ कर गुजरने की शक्ति नहीं देता, वह साहित्य नहीं हो सकता अतः अभिव्यक्ति जहां आनन्द एवं जीवन ऊर्जा का स्रोत बन जाए, वहीं वह साहित्य है। पुस्तकें पढ़ना विचार सुनने या भाषणों से बेहतर हैं।

रेडियो पर अपने मन की बात के जरिये प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी ने हिन्दी के अमर कथाकार मुंशी प्रेमचन्द का उल्लेख करते हुए लोगों से अपने दैनिक जीवन में किताबें पढ़ने की आदत डालने का आह्वान किया था। साथ ही उपहार में 'बुके नहीं बुक' यानी किताब देने की बात कही। पुस्तक-संस्कृति को जनजीवन में प्रतिष्ठापित करने की दृष्टि से उनकी यह एक नयी प्रेरणा है, झकझोरने एवं सार्थक दिशाओं की ओर अग्रसर करने की मुहिम है। देश में स्वामी विवेकानंद की धारा से पुनर्जागरण का एक दौर शुरू हुआ था जिससे हमें आजादी मिली थी, आचार्य श्री तुलसी के नैतिक क्रांति के शंखनाद-अणुव्रत आन्दोलन से नैतिक, वैचारिक एवं चारित्रिक बल मिला और अब मोदी के नेतृत्व में पुनर्जागरण का एक नया दौर शुरु हुआ है जो देश को एक नये सांचे में गढ़ने वाला साबित हो रहा है, इससे नया भारत निर्मित हो रहा है एवं पढ़ने की कम होती रूचि पर विराम लग रहा है। पुस्तक मेलों से पुस्तक एवं पुस्तकालय क्रांति के नये दौर का सूत्रपाठ हो रहा है।

नये युग के निर्माण और जन चेतना के उद्बोधन में वैचारिक क्रांति की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वैचारिक क्रांति का सशक्त आधार पुस्तकें हैं। पुस्तकें नई दुनिया के द्वार खोलती हैं, दुनिया का अच्छा और बुरा चेहरा बताती, अच्छे बुरे की तमीज पैदा करती हैं, हर इंसान के अंदर सवाल पैदा करती हैं और उसे मानवता एवं मानव-मूल्यों की ओर ले जाती हैं। ये पुस्तकें ही हैं जो बताती हैं कि विरोध करना क्यूँ जरूरी है। ये ही व्यवस्था विरोधी भी बनाती हैं तो समाज निर्माण की प्रेरणा देती है। भले ही आज के इंटरनैट फ्रैंडली वर्ल्ड में सीखने के लिए सब कुछ इंटरनैट पर मौजूद है लेकिन इन सब के बावजूद जीवन में पुस्तकों का महत्व आज भी बरकरार है। उन्नत एवं सफल जीवन के लिये पुस्तकों के पठन-पाठन की संस्कृति को जीवंत करना वर्तमान समय की बड़ी जरूरत है। क्योंकि पुस्तकों में तोप, टैंक और एटम से भी कई गुणा अधिक ताकत होती है। अणुअस्त्र की शक्ति का उपयोग ध्वंसात्मक ही होता है, पर सत्साहित्य मानव-मूल्यों में आस्था पैदा करके स्वस्थ समाज की संरचना करती है। पुस्तकें मित्रों में सबसे शांत व स्थिर हैं, वे सलाहकारों में सबसे सुलभ व बुद्धिमान हैं और शिक्षकों में सबसे धैर्यवान। पुस्तकें समाज एवं राष्ट्र रूपी शरीर की मस्तिष्क होती है, जिनसे हमारी रूचि जागे, आध्यात्मिक एवं मानसिक तृप्ति मिले, हममें शक्ति एवं गति पैदा हो, हमारा सौन्दर्यप्रेम एवं स्वाधीनता का भाव जागृत हो, जीवन की सच्चाइयों का प्रकाश उपलब्ध हो, जो हममें सच्चा संकल्प और कठिनाइयों पर विजय पाने की सच्ची दृढ़ता उत्पन्न करें। दिल्ली विधानसभा चुनावों की राजनीतिक सरगर्मियों के बीच यह पुस्तक मेला नये भारत, सशक्त भारत, विकसित भारत का इंजन है। आज भी सबसे बड़ी लड़ाई विचारों की है और विचारों के युद्ध में पुस्तकें ही वास्तविक हथियार हैं।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

# गणतंत्र दिवस की परेड से लौटने पर छात्रा सिद्धि कीर का हुआ भव्य स्वागत

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

समेरिटंस स्कूल की छात्रा 5 एमपी गर्ल्स बटालियन की कैडेट सार्जेंट सिद्धि सिंह कीर गुरुवार को गणतंत्र दिवस परेड नई दिल्ली से वापस लौटी। इस उपलब्धि के बाद लौटने पर में आयोजित कल्चरल प्रोग्राम में प्रस्तुति देने के बाद नगरागमन पर रेलवे स्टेशन पर कमांडिंग आफिसर कर्नल दिनेश कनौजिया के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद सिद्धि को खुली जीप में ढोल नगाड़ों के साथ सड़क मार्ग से समेरिटंस विद्यालय सांदीपनी परिसर मालाखेड़ी लाया गया। जहां संस्था के डायरेक्टर डा. आशुतोष कुमार शर्मा, प्राचार्य प्रेरणा रावत, कर्नल कनौजिया, एनसीसी मैनेजर प्रदीप कुमार यादव, सेकंड ऑफिसर विजय प्रकाश श्रीवास्तव, केयरटेकर ऑफिसर स्नेहा उपाध्याय आदि ने उसका स्वागत किया। उसे उपहार भी भेंट किए गए। कमांडिंग ऑफिसर ने बताया कि सिद्धि सिंह कीर जो कि मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ निदेशालय के चयनित 136 एनसीसी कैडेट्स में शामिल थी। करीब एक लाख बच्चों के बीच यह सलेक्शन होता है। डॉ. शर्मा ने बताया सांस्कृतिक विरासत और निरंतर विकास की यात्रा हमेशा आगे बढ़ती रहे हमारी संस्था का उद्देश्य है। प्राचार्य प्रेरणा रावत ने कहा कि आज हमारा समेरिटंस परिवार अपने स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। समेरिटंस स्कूल के लिए आज का दिन बड़े हर्ष और उल्लास का दिन है। सिद्धि ने दिल्ली में भारत के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री, डीजी एनसीसी एवं एनसीसी के सभी वरिष्ठ अधिकारियों के बीच प्रस्तुति दी। साथ ही मध्य प्रदेश के राज्यपाल, मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश डा. मोहन यादव एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने भी उसे आशीर्वाद दिया एवं मुलाकात कर अपना परिचय दिया। विद्यालय के कार्यक्रम में सिद्धि के पिताजी और माताजी भी उपस्थित रहे।



### भव्य कलश यात्रा से हुआ कथा का शुभारंभ

# संत कमल किशोर नागर की भागवत सुनने उमड़ा सैलाब







**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**

मालवा माटी के मां सरस्वती के वरद पुत्र कहे जाने वाले संत का सिवनी मालवा में आगमन हो चुका है आज से सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन बानापुरा के दूधिया बड़ के पास किया जा रहा है। जिसमें संत श्री कमल किशोर जी नागर के मुखार बिंद से भागवत कथा को रस पान क्षेत्र से हजारों की संख्या मैं पहुंच रही क्षेत्र की धर्म प्रेमी जानता को कराया जा रहा है।

कथा के प्रथम दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई जो कि नन्दरवाड़ा रोड स्थित राधा कृष्ण मंदिर से प्रारंभ की गई जिसमें हजारों की संख्या में नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों से आए हुए भक्तों द्वारा गाजे बाजे ढोल धमाकों और डीजे की धुन पर निकाली गई राधा कृष्ण मंदिर से प्रारंभ होकर कलश यात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

कथा के दौरान संत श्री कमल किशोर जी नागर ने अपनी अमृत वाणी से कहा कि अगर आपने अपने मन को बस में कर लिया समझलो आपका जीवन सफल हो गया। इसी प्रकार ईश्वर के प्रति आपने अपना मन लगा लिया तो आपका मन विचलित नहीं होगा इसी प्रकार भागवत कथा के दौरान बड़ा उत्साह देखने को मिला भक्तों में कथा श्रवण करते हुए संत श्री कमल किशोर नागर जी से भागवत कथा को सुना इस अवसर पर बड़ी तादाद में बानापुरा और आसपास के महिला-पुरुष, बजुर्ग और बच्चे एकत्रित हुए। भव्य कलश यात्रा सुबह नौ बजे से प्रारंभ की गई। इस दौरान कलश यात्रा का जगह जगह स्वागत सत्कार के साथ कथा स्थल पर पहुंची।

### संत शिरोमणि राम जी बाबा मेले की तैयारी शुरू

## 10से 25फरवरी तक लगेग मेला, सीएमओ ने किया स्थल का निरीक्षण

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**



आस्था भक्ति और सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक राम जी बाबा का मेला 10 फरवरी से 25 फरवरी तक आयोजित होगा. नगरपालिका द्वारा मेले की तैयारी शुरू कर दी गई है। मेला ग्राउंड पर दुकानदारों के लिए तथा विभिन्न मनोरंजन केसाधनों के लिए नपा की टीम ले आउट डालना शुरू कर दिया है। सीएमओ ने मेला स्थल का निरीक्षण कर ले आउट डाल रहे कर्मचारियों को निर्देश दिए। नपाध्यक्ष नीतू यादव के मार्गदर्शन में और मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर मेले की तैयारियां शुरू कर दी गई है। राजस्व सभापति एवं मेला समिति अध्यक्ष निर्मला राय के मार्गदर्शन में शुक्रवार से दुकानों का आवंटन किया जाएगा। विगत दो दिनों से मेला ग्राउंड की सफाई कराई गई है। साथ ही लेआउट डालने का कार्य प्रारंभ हो चुका है। गुरुवार को मेले में झूलों के लिए लेआउट डाला गया है। गुरुवार को मेला ग्राउंड का मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा निरीक्षण किया गया। उन्होंने निर्देश दिए कि ले आउट में स्पेस का ध्यान रखा जाए, जिससे कि श्रद्धालुओं को आने जाने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। निरीक्षण के दौरान सीएमओ के साथ अफसर-कर्मचारी मौजूद थे।

## रेत ठेकेदार की मनमानी पर सरपंच संघ ने दिया ज्ञापन



**नर्मदापुरम।** आदिवासी ब्लॉक केसला में पैसा क़ानून लागू होने के बावजूद रेत ठेकेदार अवैध परिवहन, उत्खनन और अवैध वसूली को बढ़ावा दे रहे, जिससे ग्रामसभा की अवहेलना हो रही है एवं शासकीय कार्यों पर उपयोग किए जाने रेत को लेकर भी अड़ीबाज़ी करते हुये अवैध रसीद काट कर वसूली करते है। पैसे नहीं देने पर ट्रेक्टर पकड़ कर केस बनाने की धमकी देते है । केसला ब्लॉक में केवल एक चौकीपुरा में खदान है लेकिन ठेकेदार के लोग पूरे ज़िले में खदान होने की बात कहते है। पंचायत द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यों पर भी अड़ंगा लगाते है। जिससे नाराज़ होकर सरपंच संघ केसला के अध्यक्ष दुर्गेश धुर्वे ने अपने सरपंच साथियों के साथ जनपद कार्यालय केसला पहुँचकर डिप्टी कलेक्टर प्रभारी सीइओ जय सोलंकी को ज्ञापन सौंपकर माँग की गई कि ऐसे अवैध उत्खनन, परिवहन, अवैध वसूली पर रोक लगाते हुए ग्राम पंचायत को संरक्षण देने की माँग रख है । उक्त मौके पर दुर्गेश धुर्वे, हेमराज़ उईके, पप्पू सल्लाम, सम्मरसिंह इवने, गुलाब बारस्कर, ब्रजेश उईके, सुमित सीलूकर, सुनील कलमें आदि उपस्थित रहे ।

## आधार केंद्रों पर सुधार कराने लग रही भीड़

**गंजबासौदा।** शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में अपार आईडी बनाने का कार्य चल रहा है अपार आईडी में आधार कार्ड की आवश्यकता पड़ती है अधिकांश बच्चों के आधार कार्ड में बहुत सी त्रुटियां हैं जिनको सुधरवाने के लिए पालकों सहित बच्चे भी आधार कार्ड सेंटर पर पहुंच रहे जहां आधार कार्ड सुधरवाने के लिये लंबी-लंबी कतारे देखने को मिल रही है। तहसील परिसर में लोक सेवा केंद्र में आधार सुधरवाने का काम किया जा रहा है आधार सुधरवाने के लिए पालकों सहित बच्चों की भीड़ लग रही है। सुबह 7 बजे से ही आधार सुधरवाने वाले केंद्र पर पहुंच जाते है। जो कई घंटों तक लाइन में लगे रहते है। वहीं आधार केंद्र पर भीड़ को नियंत्रण करने के लिए टोकन का सहारा ले रहे है।



## आईजा के संस्थापक हार्दिक हुण्डिया का जन्मदिन धूमधाम से मनाया

**सिरोंज।** आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एंव देश के जैन समाज के वरिष्ठ नेता हार्दिक हुण्डिया का जन्मदिन सिरोंज में बडें ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जैन मंदिर में पूजन, अभिषेक,शांति धारा, भक्तांबर पाठ का आयोजन किया गया।




तो वही नगर के प्रसिद्ध देवा धी देव मदन मोहन सरकार के दरबार में श्री हुंडिया के जन्मदिन के मौके पर अमनिया चढाया गया। आईजा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव जैन सैनानी द्वारा हार्दिक हुण्डिया के जन्मदिन के अवसर पर नगर की गरीब बस्तियों में पहुचकर गरीबो को गर्म कपडें व मिठाई,फल का वितरण कर श्री हुण्डिया का जन्मदिन बडें ही धूमधाम से मनाया। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव जैन सैनानी ने कहा कि आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुण्डिया के हम ह्रदय से अभारी है। उन्होने पूरे देश व प्रदेश के जैन पत्रकारो को एक प्लेटफार्म पर लाकर जो सम्मान दिलाया है उसके लिए सभी पत्रकार उनके आभारी है। क्योकि इससे पहले इन पत्रकारो को एक मंच पर कभी कोई लेकर नही आया जो कि हार्दिक हुण्डिया ने कर दिखाया। वही उन्होने कहा कि हार्दिक हुंडिया ने जो पूरे देश में जैन समाज को संगठित करने का बीडा उठाया है वह वास्तव में ही सराहनीय है और उन्हें इस कार्य में काफी सफलता भी मिली है। विगत दिनों पूर्व उत्तर प्रदेश में जो घटना घटित हुई उक्त घटना में सबसे पहले श्री हुंडिया ने जैन समाज के परिवारो जनों के लिए मुआबजा की मांग की। साथ ही कई तीर्थ क्षेत्रो पर शराबबंदी,मांसाहार मुक्त कराने का जो संकल्प लिया है। वह वास्तव में सराहनीय है और यह गौरव का बात है।

## शब-ए-बारात त्योहार पर व्यवस्थाओं को लेकर नपा सीएमओ को आवेदन पत्र सौंपा

**सिरोंज।** ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के जिला अध्यक्ष सोहेल बबलू के निर्देश अनुसार तहसील सिरोंज अध्यक्ष इरफान कुरैशी उर्फ बाबू ठेकेदार के नेतृत्व में नगर पालिका प्रभारी सीएमओ राम प्रकाश साहू को मुस्लिम समाज जनों की उपस्थिति में एक आवेदन पत्र सौंपा गया। आवेदन पत्र में उल्लेख किया गया है कि 13 को मुस्लिम समाज का त्योहार शब ए बारात मनाया जाएगा। त्योहार से पूर्व मस्जिदों के आसपास एवं कब्रिस्तानों में साफ सफाई लाइट पानी की व्यवस्था किए जाने की मांग की गई है। मुस्लिमों का यह त्यौहार साल में एक बार मनाया जाता है और इस रात में मुस्लिम कब्रिस्तानों में पहुंच कर मरने वालों पर सवाब की नीयत से कुरान की आयतें पढ़ी जाती हैं और उनके दर्जात बुलंदी की दुआएं की जाती हैं। इसी रात मुस्लिम अपने-अपने घरों में एवं मस्जिदों में पूरी रात जागकर इबादत-तिलावत करतें है और देश दुनिया में अमन चैन की दुआ मांगते हैं। आवेदन देने वालों में ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के नगर अध्यक्ष वाहिद गोरी, वक्फ कमेटी के तहसील अध्यक्ष वाजिद कुरैशी, जमीअतुल कुरेश के तहसील अध्यक्ष जहीर कुरैशी, वाजिद खान मैकानिक, हामिद खान, बबलू खान, कामरान कुरैशी ठेकेदार, डॉक्टर आजम खान, डॉक्टर अनस कुरैशी, मोहम्मद नफीस कुरैशी, अरशद कुरैशी आदि लोग मौजूद रहे।



# कृषि संगोष्ठी आयोजित कर किसानों को किया जागरूक



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

ग्राम पंचायत जुझारपुर में आयोजित कृषि संगोष्ठी का आयोजन किया गया। भारत सरकार के दिशा-निर्देश पर कृषि संगोष्ठी के माध्यम से गांव गांव में लग रही है। किसान चौपाल के माध्यम से आगजनी से होने बाली दुर्घटना से बचाव के लिए खेतों में आग नहीं लगाने के लिए किसानों से आग्रह किया व्यर्थ पानी नहीं बहाने का आग्रह किया एवं गेहूं, मूंग, मक्के, सोयाबीन, धान की नई एवं अच्छी वेरायटी के बारे में किसानों को अवगत कराया एवं समय पर खेती के काम करने फ़सल की देखभाल करने का सुझाव किसानों को दिया । ज़मीन की उर्वरक क्षमता को बढ़ाने के लिए रासायनिक खाद एवं दवाओं का इस्तेमाल ना करके आर्गेनिक खेती करने की सलाह किसानों को दी गई । किसानों का रुझान मक्के की फसल की तरफ ज्यादा हों रहा है क्योंकि मक्के की फसल के दाम अच्छे रहते हैं दाम अच्छे होने का कारण एथेनाल है । किसानों की मानें तो श्रीकर सीड्स की 8199 का सबसे अच्छा उत्पादन हैं इस वैरायटी में कम रोग आते हैं यह वैरायटी रवि सीजन में बोनी के लिए उपयुक्त है ।

# घाटी पर ब्रेक फेल होने से ट्रैक्टर पलटा, नपाकर्मी की दर्दनाक मौत

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**



गुरुवार को नगर पालिका परिषद के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी डॉक्टर खान की ट्रैक्टर के ब्रेक फेल होने पर उसके पलटने के बाद टैंकर के नीचे दवाने से घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। घटना दोपहर के बाद लैट्रिन का गढ़ खाली करके वापस आने के दौरान हुई जब डॉक्टर खान के ट्रैक्टर के अचानक माम भांजा पथ की घाटी पर ब्रेक फेल हो गए इसके बाद ट्रैक्टर वापस आने लग और वहां अनियंत्रित होकर पलट गया यह टैंकर के नीच दब गए सर में चोट लगने से मृत्यु हो गई एंबुलेंस से अस्पताल लाया गया जहां पर डॉक्टर ने जांच के उपरांत डॉक्टर खान निवासी अयोध्या बस्ती उम्र लगभग 38 साल को मृत घोषित कर दिया घटना दिल को दहलाने बली है जिस समय घटना हुई थी उसे समय कुछ कर्मचारी जमकर उसको बचाने के लिए चीख पुकार करके एंबुलेंस बुलाने की मांग भी कर रहे थे ।

### नियमानुसार जो भी सहायता राशि बनेगी उसके परिजनों को देंगे

मुख्य नगर पालिका अधिकारी रामप्रकाश साहू ने बताया कि दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के रूप में काम कर रहे थे। शासन के नियमों अनुसार जो भी सहायता राशि दे सकते हैं वह देंगे।

**मेट्रो एंकर** पशु चिकित्सालय में व्याप्त अव्यवस्थाओं एवं चिकित्सकों के अव्यवहारिक रवैये से नाराज

# विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल ने विरोध प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**गंज बासौदा, दोपहर मेट्रो**



विश्व हिंदू परिषद,बजरंग दल ,गौ रक्षा विभाग ने स्थानीय पशु चिकित्सालय में व्याप्त अव्यवस्थाओं एवं चिकित्सकों के अव्यवहारिक रवैये के विरोध में रैली निकाली ओर नारेबाजी करते हुए। तहसील पहुंच कर एक ज्ञापन तहसीलदार संदीप जयसवाल को सौंपा। जिसमे कहा गया है कि स्थानीय पशु चिकित्सालय में भारी अनियमितता एवं अव्यवस्थाओं का आलम है पशु चिकित्सालय में न तो कोई डाक्टर समय पर उपस्थित रहते हैं और न फोन पर बात करते हैं यदि कोई व्यक्ति अपने पशुओं को शासकीय पशु चिकित्सालय में ले जाता है। तो पशुओं का इलाज न किया जाकर उसके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। सबसे ज्यादा परेशानी गौशाला संचालक एवं गौ भक्तों को हो रही है वे जब भी किसी लावारिश गौवंश के इलाज के लिए पशु चिकित्सालय प्रभारी को काल करते हैं तो वे काल ही रिसीव नहीं करते हैं बार बार काल लगाने पर झल्ला जाते हैं और एफआईआर करने की धमकी देते हैं। इलाज के नाम पर कभी कभी गौसेवकों को भेज देते हैं महोदय गौसेवकों को तो केवल ड्रेसिंग करने का ही अधिकार हैं परन्तु चिकित्सालय प्रभारी इन गौसेवकों से इंजेक्शन, वाटल आदि सब करा रहे हैं और स्वयं शासन से वेतन पाकर शासकीय दवाओं से निजी तौर पर फीस लेकर पशुओं का उपचार करते हैं। अस्पताल में पशुओं का नियमित टीकाकरण भी नहीं किया जा रहा है न ही दुर्घटना में घायल मवेशियों को तत्काल इलाज मिल पा रहा है। जिसमें विश्वहिंदू परिषद द्वारा कहा गया है कि उपरोक्त विषय को गंभीरता से लेते हुए दोषी पशु चिकित्सकों पर वैधानिक कार्यवाही करने एवं पशु चिकित्सालय में व्याप्त अव्यवस्थाओं को दुरुस्त करने हेतु प्रशासनिक स्तर पर निर्देश जारी करें। अन्यथा विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

# स्कूलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को कलेक्टर ने किया सम्मानित

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने जिले के प्राथमिक शैक्षणिक संस्थाओं में अध्यापन कार्य, बच्चो की शत प्रतिशत उपस्थिति, सुनिश्चित कराने के साथ-साथ बच्चो की शैक्षणिक गुणवत्ता में आशातीत सुधार परलिक्षित मूल्यांकनो के आधार पर चयनित जिले के तीन शिक्षकों को सम्मानित किया गया है।

कलेक्टेऊ्ट के बेतवा सभागार कक्ष में आयोजित समीक्षात्मक बैठक में जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया, डीपीसी आरपी लखेर, डाइट प्रिंसिपल जीपी राठी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहें। बैठक की शुरूआत में डीपीसी श्री लेखर के द्वारा प्राथमिक स्कूलो की शैक्षणिक गुणवत्ताओं में सुधार लाने के लिए किए जा रहे प्रबंधो की जानकारियां सांझा की वहीं शिक्षकों द्वारा हासिल की गई उपलब्धियों की तुलनात्मक जानकारियों से अवगत कराया गया है।



कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में प्राथमिक शिक्षा अति महत्वपूर्ण होती है जो बच्चे की शिक्षा की बुनियाद को तैयार करती है अतः कोई भी बच्चा इस विधा में पिछडे ना का सफल प्रयास करना हम सबका नैतिक दायित्व है। स्कूली बच्चों में अध्यापन कैसे करें के लिए शासन द्वारा समय-समय पर विशेष नवाचारो के माध्यम से प्रशिक्षित कर क्रियान्वयन पर जोर दिया जाता है। इन सब बिन्दुओं का मुख्य उद्धेश्य बच्चे प्रारंभिक शिक्षा से किसी भी प्रकार से वंचित ना रहे और आगामी उच्च शिक्षा प्राप्ति में प्राथमिक शिक्षा के बेस में कमजोर ना रहें। जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया ने शैक्षणिक गुणवत्ताओं में सुधार लाने के उपायो को सांझा किया।

पुरस्कृत- जिले के प्रथम तीन उत्कृष्ट शिक्षको को कलेक्टर श्री सिंह और जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया ने प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया उनमें विदिशा विकासखण्ड की शासकीय प्राथमिक शाला सांकलखेडाकलां के शिक्षक यशवंत सिंह कुशवाह, नटेरन की शासकीय प्राथमिक शाला सकलपुर के शिक्षक गिरवर सिंह कुशवाह तथा ग्यारसपुर विकासखण्ड के ग्राम ईसरवारा की शासकीय प्राथमिक शाला के शिक्षक विजय शर्मा को उत्कृष्ट कार्यो के फलस्वरूप पुरस्कृत किया गया है।

## नगर पालिका में गजब के ठेकेदार कर रहे काम

# 25 परसेंट कम में लेते है टेंडर फिर भ्रष्टाचार को देते अंजाम !

### विधायक की चेतावनी बे असर

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

नगर को ग्रीन क्लीन बनाने की भावना से विधायक निर्माण कार्य मंजूर करवा कर ला रहे है उसी का परिणाम है कि नगर में करोड़ों के विकास कार्यों चल रहे हैं पर जिनके कंधों पर गुणवत्ता के साथ काम करवाने की जिम्मेदारी है वह धरातल से गायब रहते हैं। जबकि विधायक उमाकांत शर्मा के द्वारा घटिया काम करने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश दिए जा रहे हैं ।

इसके आलावा गुणवत्ता से ही काम करवाने पर जोर दिया जा रहा है ऐसा नहीं करने वालों को सख्त चेतावनी भी देते हैं फिर भी अधिकांश ठेकेदार अपने हिसाब से खानापूर्ति करने में लगें हुए हैं। इनके घटिया काम की पोल एसडीएम, सीएमओ की जांच में खुल चुकी है इसके बाद भी बदलाव नहीं हो रहा है।लेकिन गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य करने की गारंटी देने वाले अधिकांश ठेकेदार नगर पालिका परिषद से काम लेने के लिए 15 परसेंट से लेकर 25 परसेंट से ऊपर तक बिलों में टेंडर डाल देते हैं। अच्छा काम करने वाले ठेकेदार इतने नीचे टेंडर नहीं डालते हैं पर घटिया काम करने वाले ठेकेदार 25परसेंट से ज्यादा बिलों में भी काम लेने से भी नहीं हिचकिचाते हैं। इनमें गजब का हौसला है या फिर काहे कि भ्रष्टाचार के खेल को खेलने के लिए ऐसा करते हैं। इतने कम में काम लेकर गुणवत्ता के साथ काम करने का दावा करते हैं जो संभव नहीं है । इनके दावों की पोल धरातल पर खुलाती हुई दिखाई दे रही है । जमीन स्तर पर 40 से 50 राशि ही खर्च करते हैं। क्योंकि बाकी राशि अन्य कामों में खर्च हो जाती है। एक तो 25 परसेंट बिलों में टेंडर लेते हैं फिर घटिया काम का भुगतान करवाने के लिए नीचे से लेकर ऊपर तक सेवा करनी पड़ती जिसका भी एक रेट फिक्स है उसके हिसाब से 25 परसेंट बिलों में काम लेने पहले ठेकेदार 25 परसेंट तो पहले ही निर्माण कार्य लागत से काम में काम लिया है फिर 20 परसेंट करीब की राशि बिलों को पास करवाने में खर्च हो जाता है ऐसी जानकारी सूत्रों से प्राप्त हुई जिसकी चर्चा अभी हर आदमी जुबान पर इन दिनों चल रही है फिर काम लेने वाले ठेकेदार भी यहां पर घर से लगाने के लिए तो आए नहीं है यह भी 10 से 15परसेंट अपना हिस्सा निकालने के लिए रात अंधेरे में लीपापोती कर देते हैं मटेरियल बहुत कम लगते हैं।जिससे इनके घटिया काम की पोल ना खुले उसके लिए साइड में मोटा माल डालते हैं बाकी जगह सब गोलमाल रहता है। क्योंकि नर्मदा रेत की जगह पर चूरी डालकर काम चला रहे 8 इंची वाली सीसी को केवल साइड में तो 8 इंची डलते हैं बाकी सड़क पर 4 इंची से काम करके चलते बनते हैं। वहीं जहां पर 4 इंची डालनी है उस जगह पर तो केवल दो और तीन इंची से ही काम करते हैं। इनके द्वारा खुलेआम

भ्रष्टाचार को अंजाम दिया जा रहा है,ज्यादातर ठेकेदार बेस को मोटा डालकर खुलेआम गड़बड़ झाले अंजाम दे रहे हैं। नगर पालिका परिषद के इंजीनियर ठेकेदारों के द्वारा किए जा रहे है घटिया कार्य को देखने के लिए जाते नहीं है। इसी बात का फायदा उठाकर यहां घटिया निर्माण कार्य करके जनता के पैसे का दुरुपयोग कर रहे हैं।



### पेटी का खेल कब होगा बंद

नगर पालिका से काम लेने वाले अधिकांश ठेकेदार भी अपने काम को पेटी पर देखकर बेफिक्र हो जाते हैं। फिर पेटी पर काम लेने वाले अपने हिसाब से घटिया काम को अंजाम देकर चलते बनते हैं। इनके काम को देखने के लिए टाइम कीपर से लेकर इंजीनियर जाते ही नहीं है ।इसी बात का फायदा उठाकर ज्यादातर ठेकेदार इस खेल को अंजाम दे रहे हैं।

### विधायक के निर्देशों को भी नहीं दे रहे है तवज्जो इंजीनियर

भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान विधायक के द्वारा गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य नहीं करने वाले ठेकेदारों को चेतावनी भी दी जातीं हैं अधिकारियों को चेताते हैं तेवर भी इनके तीखी होते हैं फिर धरातल पर सुन बटा सन्नाटा नजर आ रहा है ।अधिक ठेकेदार विधायक के निर्देशों को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। दूसरी और जिनके कंधों पर गुणवत्ता युक्त कार्य करवाने की जिम्मेदारी वहां धरातल से गायब रहते हैं ।इंजीनियर को भी विधायक के निर्देशों की कोई चिंता नहीं हैं। तभी गुणवत्ता विहीन हो रहा है रोकने टोकने वाले नदारत रहते हैं। इनकी पोल भी कई बार खुल चुकी है ।एक पहले ही एसडीएम ने तो एक ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश दिया उनके सामने ही घटिया काम हो रहा था।

### जनता की कमाई का हो रहा है दुरुपयोग

जनता के टैक्स से होने वाले निर्माण कार्यों के नाम पर खुलेआम लीपा पोती हो रही है। जिस ठेकेदार के द्वारा काम लिया जाता है । उसके द्वारा अपना काम पेटी पर दूसरे ठेकेदार को दे दिता है इस बात से बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि कितना घटिया काम शहर में हो रहा है। निर्माण कार्य पोल भी चंद दिनों में ही खुलती है सीसी गढ़ों में तब्दील हो जाती हैं कई सड़कें तो 6 महीने के बाद दोबारा से बनानी पड़ रही है । ऐसी स्थिति में बिलों में काम लेने वाले ठेकेदारों पर अधिकारियों को कड़ी निगाह रखकर निर्माण कार्य करवाना चाहिए जिससे कि दोबारा से घटिया काम करने के लिए बिलों में काम न लेने पर जिम्मेदारों की अनदेखी का फायदा उठाकर घटिया काम करने वाले अपने काम को अंजाम देकर चले जाते हैं जिसकी सजा जनता को भुगतानी पड़ती है।

### इनका कहना है

"जीडी ऑफिस के निर्देशों के विपरीत यदि कोई भी ठेकेदार काम करता है तो उसे दोबारा से हम निर्माण कार्य करवाएंगे इंजीनियर टाइम कीप को भी लगातार निरीक्षण के लिए भी निर्देश देंगे लैब से मटेरियल की जांच भी करवाएंगे इसके अलावा दूसरे विभागों के अधिकारीयों कर्मचारीयों का दल बनाकर भी हम निर्माण कार्यों की जांच करवाएंगे गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं करेंगे।"

-हर्षल चैधरी एसडीएम

## विदिशा जिले को 20 करोड का राजस्व वसूली का लक्ष्य

# लक्ष्य प्राप्ति में किसी भी प्रकार की चूक ना हो : कलेक्टर



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा जिले को वित्तीय वर्ष 2024-25 में निर्धारित लक्ष्य को शत् प्रतिशत पूर्ण किये जाने एवं पूर्व वर्षों की बकाया राशि की वसूली कर, वसूली में प्रगति लाने हेतु कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को विशेष निर्देश जारी करते हुए कहा है कि लक्ष्य प्राप्ति में किसी भी प्रकार की चूक ना हो का विशेष ध्यान रखें।

अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में राजस्व वसूली हेतु विदिशा जिले को 20 करोड का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लक्ष्य के विरूद्ध 01 अप्रैल 2024 से आज दिनांक तक की स्थिति में तीन माह व्यतीत होने के उपरांत जिले में लगभग 26 प्रतिशत की ही वसूली कार्य किया गया, शेष 74 प्रतिशत वसूली 15 मार्च तक शत-प्रतिशत पूर्ण की जानी है।

प्रमुख सचिव द्वारा पांच फरवरी को बैठक में वसूली की समीक्षा की गई, जिसमें जिले की प्रगति संतोषजनक नही पाई गई। वित्तीय वर्ष 2024-25 समाप्ति की ओर है। राजस्व वसूली की शत-प्रतिशत पूर्ति किये जाने हेतु प्रगति लाना अति आवश्यक है। राजस्व वसूली के लिए जिले की सभी 12 तहसीलों से निर्धारित प्रपत्रों में चालू वर्ष एवं गत वर्ष की बकाया राशि की जानकारी समीक्षा हेतु तहसीलवार एसडब्ल्यूबीएन शाखा को 02 दिवस में प्रेषित करना सुनिश्चित करे के निर्देश प्रसारित किए गए हैं। आगामी आरओ बैठक में उपरोक्त प्रपत्रों पर कलेक्टर द्वारा समीक्षा की जाएगी। वसूली की प्रगति संतोषजनक नहीं होने की दशा मे अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित किया जाएगा। राजस्व वसूली के कार्य को प्राथमिकता से किया जाना सुनिश्चित करें।

## कृषि उपज मण्डी समिति, विदिशा के नवीन प्रांगण में भूखंड प्लाटों की नीलामी हेतु आवेदन फार्मो का विक्रय प्रारम्भ

**सिरोंज।** विदिशा कृषि उपज मण्डी समिति विदिशा के नवीन मंडी प्रांगण में व्यापारियों को आवंटन 246 नग भू-खण्ड/प्लाटों के विक्रय के लिए आवेदन फार्मो का विक्रय प्रारम्भ हो गया है। मंडी सचिव श्रीमती नीलकमल वैद्य ने बताया कि कई व्यापारियों द्वारा मंडी कार्यालय में उपस्थित होकर प्लाटों के साईज, रेट, एवं शर्तों का अवलोकन कर शीघ्र ही आवेदन फार्म क्रय करने हेतु कहा गया है। इस बावत् मंडी कार्यालय में उपस्थित होकर व्यापारियों ने मण्डी सचिव श्रीमति नीलकमल वैद्य से चर्चा भी की है तथा 08 व्यापारियों द्वारा आवेदन फार्म भी क्रय किये गये हैं। उल्लेखनीय है कि आगामी 24 फरवरी 2025 को नवीन मंडी प्रांगण विदिशा में भूखण्ड/प्लाटों की खुली नीलामी की जाना है। इस हेतु नवीन मण्डी प्रांगण मिर्जापुर में भूखण्ड/प्लाट स्थल की साफ सफाई का कार्य जारी है तथा प्लाटो का चिन्हांकन कार्य किया जा रहा है।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष के भाई से शासन की जमीन को प्रशासन ने करवाया खाली

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

मुख्यमंत्री के निर्देश पर सरकारी जमीन को खाली करवाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है । दूसरी सरकारी भूमि पर कई दबंग लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है और खेती को अंजाम दे रहे हैं। इन दबंग लोगों से सरकारी जमीन को मुक्त करवाने के लिए प्रशासन के अधिकारी धरातल पर कांडी मेहनत करनी पड़ रही है फिर भी घिने चुने- पर ही कार्रवाई हो प रही है । इसी काम में ग्रामीण भाजपा मंडल अध्यक्ष झार सिंह दांगी के भाई अर्जुन सिंह दांगी के कब्जे से सरकारी गुममाठ की भूमि को नायाब तहसीलदार ललित सक्सेना ने मौके पर पहुंचकर ट्रैक्टर चलवा कर खाली करवाने का काम किया इससे पहले नायब तहसीलदार के द्वारा इनको नोटिस दिया था बेदखली का आदेश भी जारी किया था इसके बाद भी जमीन नहीं छोड़ रहे थे। नायब तहसील ने टीम ने इनके विरोध को अनदेखा करते हुए अपने काम को अंजाम दे इनके कब्जे से तीन बीघा सरकारी भूमि को मुक्त करवाया है गांव में बड़े स्तर पर सरकारी जमीन पर रसूखदारों ने कब्जा कर रखा है। उनसे जमीन खाली करवाने में प्रशासन को पसीना आ रहा है सत्ता से जुड़े लोगों भी कब्जा करके बरसों से खेती करते आ रहे हैं।



### इनका कहना है

"ग्राम खानामेंडी में अर्जुन सिंह दांगी से 3 बीघ सरकारी जमीन मुक्त करवाई है थोड़ा बहुत विरोध हुआ था पर हमने जमीन खाली करवा ली।"

-ललित सक्सेना
नायब तहसीलदार

# 10-12वीं के 32183 छात्र 75 केंद्रों में देंगे परीक्षा

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

बोर्ड परीक्षा में चुनाव जैसी सख्ती देखने को मिलेगी। केन्द्राध्यक्षों के पास भी परीक्षा के दौरान मोबाइल फोन नहीं होगा। अब केन्द्रों में पेपर के लिफाफे नहीं खोले जाएंगे। भोपाल से ही बैठक व्यवस्था के हिसाब से पेपर सेट होकर आएंगे। थाने से प्रश्न पत्र उठाते समय कलेक्टर प्रतिनिधि और केन्द्राध्यक्षों को सेल्फी लेनी होगी। थाना से केन्द्र तक मोबाइल नंबर ट्रैस किया जाएगा। इतना ही नहीं, परीक्षा शुरू होने के पहले केन्द्राध्यक्षों, सहायक केन्द्राध्यक्षों और कलेक्टर प्रतिनिधियों को ट्रेकिंग से गुजरना पड़ेगा। ज्ञात हो कि फरवरी में ही बोर्ड परीक्षा की शुरुआत होनी है। इसके लिए तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। बोर्ड परीक्षा के दौरान प्रश्नपत्र लीक होने वाले मामलों पर रोक लगाने के लिए इस मर्तबा माध्यमिक शिक्षा मंडल ने और सख्ती बरती है।

बुधवार को परीक्षा की तैयारियों और नियमों को लेकर माशिमं अध्यक्ष के साथ सभी जिलों के कलेक्टर, एसपी और शिक्षा विभाग के अधिकारी वीसी में जुड़ें थे। माशिमं अध्यक्ष ने बोर्ड परीक्षा से जुड़ी सभी जानकारियों से अधिकारियों को अवगत कराया है। विदिशा एनआईसी व्हीसी कक्ष में कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह, जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया, जिला शिक्षा अधिकारी आरके ठाकुर सहित अन्य अफसर वीसी में जुड़े थे।



### सीधे कक्ष में खुलेंगे प्रश्न पत्र के लिफाफे

बोर्ड परीक्षा में गोपनीयता को बनाए रखने के लिए इस बार भोपाल से ही कक्षावार छात्रों की संख्या के हिसाब से लिफाफे तैयार कर समन्वयक संस्था भेजे जाएंगे। समन्वयक संस्था से लिफाफे केन्द्रों को वितरित होंगे। इस बार पहले से ही लिफाफे सेट होकर कक्ष वार पहुंचेंगे। प्रश्न पत्र के लिफाफे सीधे पर्यवेक्षक कक्ष में छात्रों के सामने ही खोलेंगे और वितरण करेंगे।

### 30 मिनट पहले पहुंचना होगा

छात्रों को परीक्षा से आधा घंटा पहले परीक्षा हाल में पहुंचना होगा। 15 मिनट पूर्व परीक्षा कॉपी का वितरण किया जायेगा। इसके पश्चात प्रश्न पत्र दिये जायेंगे। परीक्षाएं तीन घंटे तक चलेंगी। परीक्षा के लिए कई जांच दल बनाए जा रहे हैं। जिन्हें जल्द ही ट्रेनिंग दी जाएगी। सभी परीक्षा केंद्रों में कलेक्टर प्रतिनिधियों के द्वारा सतत निगरानी रखी जाएगी जहां कलेक्टर प्रतिनिधियों के अलावा किसी को भी मोबाइल फोन परीक्षा केंद्र में ले जाने की अनुमति नहीं है। विदिशा जिले में बोर्ड परीक्षा को निर्विघ्न रूप से संपन्न कराने के लिए तमाम प्रबंध सुनिश्चित किये जा रहे हैं।

**मेट्रो एंकर** शहर की मुख्य सड़क पर डामर करने के नाम पर ठेकेदार ने की लीपापोती, विधायक के कलेक्टर को लिखा पत्र

# संभाग से आई लैब मशीन 4 अलग-अलग स्थानों से लिए डामर के 4 सेंपल

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

शहर की मुख्य सड़क पर डामर करने के नाम पर ठेकेदार के द्वारा लीपापोती की गई जिसकी शिकायत नगर के व्यापारियों से लेकर समाजसेवी अशोक जैन खर्च के द्वारा भी की गई थी विधायक ने मुख्य सड़क पर घटिया काम को लेकर जांच करवाने तथा नियम अनुसार कार्रवाई करने के लिए जिला कलेक्टर को पत्र लिखा इसके बाद कलेक्टर रोशन सिंह के निर्देश पर सड़क के जांच सैंपल लेने के लिए संभागस्तरीय लैब मशीन आई उसके माध्यम से गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू पार्षद गणों, इंजीनियर तथा ठेकेदार की मौजूदगी में मुख्य बाजार की सड़क से अलग-अलग स्थान से चार सैंपल लिए गए गुणवत्ता से कितना काम हुआ है यह तो लैब में जांच के बाद रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा कितना काम हुआ है। वहीं नगर पालिका इंजीनियरिंग अखिलेश मार्को ने बताया कि जांच रिपोर्ट आने तक ठेकेदार का हम भुगतान भी नहीं करेंगे। दूसरी ओर घटिया काम आवाज समाजसेवी अशोक जैन खर्चा नहीं उठाई व्यापारियों ने भी विधायक को पत्र लिखा इधर कांग्रेसियों ने भी विरोध प्रदर्शन किया था। इसके अलावा ईदगाह पर बना रही सड़क के भी 4 सैंपल मशीन से जांच के लिए गए हैं। जैसे ही लैब मशीन बाजार में पहुंची बड़ी संख्या में व्यापारी भी यहां पर एकत्रित हो गए थे। इस सड़क का काम भी पेटी पर हो रहा है इस वजह से है भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है।







सिरोंज के बड़े तिराहे से जनपद पंचायत कार्यालय तक बनाई गई नई डामरीकरण सड़क की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों की शिकायत के बाद विधायक उमाकांत शर्मा ने विदिशा जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर इस सड़क निर्माण की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की थी।

### निर्माण कार्य में लापरवाही के गंभीर आरोप

विधायक उमाकांत शर्मा द्वारा कलेक्टर को लिखे गए पत्र में कहा गया है कि सड़क निर्माण में निम्न गुणवत्ता की सामग्री का इस्तेमाल किया गया है, जिससे सड़क का लेवल सही नहीं है, डामर की लेवलिंग ठीक से नहीं हुई और रोलर से उचित दबाव नहीं डाला गया। इसके अलावा सड़क के किनारों पर डामर और मिट्टी की कमी है। घटिया सामग्री के कारण सड़क जल्दी क्षतिग्रस्त होने की संभावना है। निर्माण कार्य में तकनीकी मानकों का पालन नहीं किया गया।

**विधायक ने की दोषियों पर कार्रवाई की मांग**-1. जिला स्तरीय अधिकारियों और तकनीकी विशेषज्ञों की एक टीम बनाकर इस सड़क निर्माण की निष्पक्ष जांच कराई जाए। 2. निर्माण में उपयोग की गई सामग्री का तकनीकी प्रयोगशाला में परीक्षण कराया जाए। 3. जांच में दोषी पाए जाने वालों पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाए।

**जनता में नाराजगी, प्रशासन पर उठे सवाल** - स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सरकार द्वारा लाखों रुपये खर्च करने के बावजूद सड़क की गुणवत्ता बेहद खराब है। लोगों का आरोप है कि अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत से घटिया निर्माण कार्य हुआ है। क्या प्रशासन दोषियों पर सख्त कार्रवाई करेगा या यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा? सिरोंज की जनता इस जवाब का इंतजार कर रही है।

# गॉल टेस्ट- पहले दिन श्रीलंका का स्कोर 87, चंडीमल के साथ अर्धशतकीय साझेदारी

**गॉल, एजेंसी**

श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के बीच गॉल में दूसरा टेस्ट खेला जा रहा है। गुरुवार को मुकाबले के पहले दिन श्रीलंका ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। स्टंप्स तक टीम ने 9 विकेट खोकर 229 रन बना लिए। कुसल मेंडिस 59 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। दिनेश चांदीमल ने 74 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया से तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क और स्पिनर नाथन लायन ने 3-3 विकेट लिए। लेफ्ट आर्म स्पिनर मैथ्यू कुह्नेमन को 2 और ऑप स्पिनर ट्रैविस हेड को 1 विकेट मिला। दूसरे दिन का खेल भारतीय समयानुसार सुबह 10 बजे से शुरू होगा। पहले सेशन में 1 ही विकेट गंवाया टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी श्रीलंका टीम ने पहले सेशन में 1 ही विकेट गंवाया। टीम ने 87 रन बनाए। दिमुथ करुणारत्ने 34 और दिनेश चांदीमल 35 रन बनाकर नॉटआउट रहे। टीम ने पाथुम निसांका का विकेट गंवाया, जिन्होंने 31 गेंद पर 11 रन बनाए। दूसरे सेशन में बिखरी श्रीलंका की बैटिंग अपना 100वां और आखिरी टेस्ट खेल रहे करुणारत्ने 34 रन के स्कोर पर ही आउट हो गए। टीम ने दूसरे सेशन में 57 रन बनाए और 4 विकेट भी गंवा दिए। चांदीमल 70 और कुसल मेंडिस 6 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। एंजलो मैथ्यूज 1, कामिंडु मेंडिस 13 और कप्तान धनंजय डी सिल्वा खाता खोले बगैर आउट हो गए। तीसरे सेशन में कुसल मेंडिस की फिफ्टी श्रीलंका ने पहले दिन के आखिरी सेशन में भी 4 विकेट गंवाए, लेकिन इस बार टीम ने 85 रन बना लिए। स्टंप्स तक टीम का स्कोर 229/9 रहा। कुसल मेंडिस 59 और लहिरु कुमारा खाता खोले बगैर नॉटआउट लौटे। रमेश मेंडिस 28 रन बनाकर आउट हुए, वहीं प्रबाथ जयसूर्या और निशान पेरिस खाता भी नहीं खोल सके। ऑस्ट्रेलिया ने पहला टेस्ट पारी के अंतर से जीता सीरीज का पहला टेस्ट ऑस्ट्रेलिया के नाम रहा। टीम ने पारी और 242 रन के बड़े अंतर से मैच जीता था। मुकाबले में उस्मान ख्वाजा ने दोहरा शतक लगाया, वहीं स्टीव स्मिथ और जोश इंग्लिस के बैट से सेंचुरी आई थी। करुणारत्ने को गॉर्ड ऑफ ऑनर मैच से पहले श्रीलंकाई खिलाड़ियों ने दिमुथ करुणारत्ने को गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया। वे 100वां टेस्ट मैच खेल रहे हैं। करुणारत्ने ने दो दिन पहले 4 फरवरी को रिटायरमेंट अनाउंस करते हुए कहा था कि वे आखिरी टेस्ट मैच खेल रहे हैं।




# जडेजा के 600 इंटरनेशनल विकेट पूरे, रूट को आउट किया

## हर्षित ने तीनों फॉर्मेट के डेब्यू में 3-3 विकेट लिए; रिकॉर्ड्स भी बने


**नागपुर, एजेंसी**

नागपुर वनडे में भारत ने इंग्लैंड को 4 विकेट से हरा दिया। जडेजा के 3 विकेट से इंग्लिश टीम 47.4 ओवर में 248 रन पर सिमट गई। जवाब में भारत ने 38.4 ओवर में 6 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। गुरुवार को हर्षित और जडेजा के नाम रिकॉर्ड लिस्ट में रहे। जडेजा ने इंटरनेशनल क्रिकेट में 600 विकेट पूरे किए। वे 6000 रन और 600 विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय बने। हर्षित तीनों फॉर्मेट के डेब्यू पर 3-3 विकेट लेने वाले इकलौते भारतीय बने। इंटरनेशनल क्रिकेट में रवींद्र जडेजा 6 हजार रन और 600 विकेट लेने वाले छठे प्लेयर हैं। वे दूसरे भारतीय हैं, जिन्होंने ये उपलब्धि अपने नाम की। डेनियल विटोरी और शाकिब अल हसन के बाद वे तीसरे स्पिनर हैं, जिन्होंने इस रिकॉर्ड में अपना नाम शामिल किया। कपिल देव, वसीम अकरम और शॉन पोलाक भी ऐसा कर चुके हैं। जोस बटलर ने भारत के खिलाफ 17 वनडे में बैटिंग की है। उन्होंने पहली बार फिफ्टी लगाई। बटलर ने 67 बॉल पर 54 रन बनाए। रोहित शर्मा ने 2024-25 सीजन के सभी फॉर्मेट मिलाकर 16 इनिंग में बल्लेबाजी की। इनमें वे मात्र 10.37 की औसत से 166 रन बना सके। इंग्लैंड ने वनडे वर्ल्ड कप 2023 के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ वनडे मैच खेले। 7 में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। हर्षित तीनों फॉर्मेट के डेब्यू में 3-3 विकेट वाले इकलौते भारतीय हर्षित राणा एकमात्र भारतीय हैं, जिन्होंने अपने तीनों फॉर्मेट के डेब्यू में 3-3 विकेट लिए हैं। उन्होंने दिसंबर 2024 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में अपना टेस्ट डेब्यू किया था। वहां उन्होंने 48 रन देकर 3 विकेट लिए थे। इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टी-20 में बतौर कन्कशन सब्स्टीट्यूट उन्होंने डेब्यू किया था। उस मैच में हर्षित ने 33 रन देकर 3 विकेट निकाले थे। गुरुवार को हर्षित ने अपना वनडे डेब्यू किया। यहां भी उन्होंने 53 रन देकर 3 विकेट लिए। जडेजा के इंटरनेशनल क्रिकेट में 600 विकेट पूरे हुए रवींद्र जडेजा भारत के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट में 600 विकेट लेने वाले पांचवें बॉलर हैं। उन्होंने पहले वनडे में 3 विकेट लिए। जडेजा के अब 352 मैचों में 600 विकेट हो गए हैं। उनसे पहले अनिल कुंबले, रविचंद्रन अश्विन, हरभजन सिंह और कपिल देव ने अपने करियर में 600+ विकेट लिए हैं। इंडिया-इंग्लैंड सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट इंडिया और इंग्लैंड के बीच 1974 से वनडे सीरीज खेली जा रही हैं। तब से अब तक दोनों टीमों के बीच हुई सीरीज में स्पिनर रवींद्र जडेजा ने सबसे ज्यादा 41 विकेट लिए हैं। उन्होंने इस मामले में इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन (40 विकेट) को पीछे छो?ा। रूट को जडेजा ने 12वीं बार आउट किया इंटरनेशनल क्रिकेट में रवींद्र जडेजा इंग्लिश बल्लेबाज जो रूट को 12 बार पवेलियन भेज चुके हैं। वहीं वनडे क्रिकेट में उन्होंने रूट को चौथी बार आउट किया। इस रिकॉर्ड में पहले नंबर पर ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस मौजूद हैं। उन्होंने 31 इंटरनेशनल इनिंग में 14 बार रूट को आउट किया है।




# सबालेंका और क्विनवेन के बीच होगी खिताबी भिड़ंत

## वुहान ओपन टेनिस : गॉफ और वेंग को मिली शिकस्त



**वुहान (चीन). एजेंसी**

टॉप सीड आर्यना सबालेंका ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए यहां खेले जा रहे वुहान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब खिताब के लिए उनका मुकाबला मेजबान चीन की खिलाड़ी क्विनवेन झेंग से होगा।

**पलटवार कर जीता मैच:** महिला एकल के सेमीफाइनल में सबालेंका ने अमरीका की चौथी वरीय खिलाड़ी कोको गॉफ को कड़े मुकाबले में 1-6, 6-4, 6-4 से हराया। हालांकि सबालेंका पहला सेट हार गई थीं लेकिन उन्होंने जोरदार पलटवार कर मैच जीत लिया। महिला एकल के दूसरे सेमीफाइनल में चीन की 5वीं वरीय क्विनवेन झेंग ने हमवतन वेंग झिन को 6-3, 6-4 से मात दी।

## टेबल टेनिस: दक्षिण कोरिया को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचे

# अयहिका और सुतीर्था पदक जीतने वाली पहली जोड़ी, अब जापानी जोड़ी से मुकाबला

**अस्ताना. एजेंसी**

भारत की सुतीर्था मुखर्जी और अयहिका की महिला युगल जोड़ी ने यहां खेली जा रही एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाकर इतिहास रच दिया। शुक्रवार रात भारतीय जोड़ी ने क्वार्टरफाइनल में पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता दक्षिण कोरियाई जोड़ी को 3-1 से शिकस्त दी। इसके साथ ही भारतीय टीम ने पदक पक्का कर लिया, जो इस टूर्नामेंट के इतिहास में भारतीय महिला युगल जोड़ी का पहला पदक है। सुतीर्था मुखर्जी और अयहिका की जोड़ी ने किम नायोंग और ली यून्हे के खिलाफ जबरदस्त प्रदर्शन किया और 10-12, 11-7, 11-9, 11-8 से जीत हासिल कर अंतिम चार में जगह पक्की कर ली। भारतीय जोड़ी का सामना अब जापान से होगा।



# दीपक हुड्डा का शतक राजस्थान बढ़त की ओर

## रणजी ट्रॉफी मुकाबला

**जयपुर. एजेंसी**

कप्तान दीपक हुड्डा के नाबाद शतक से राजस्थान ने यहां खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी मुकाबले में पुड्डुचेरी के खिलाफ अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। पुड्डुचेरी की टीम पहली पारी में 248 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। जवाब में दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक राजस्थान ने छह विकेट पर 234 रन बना लिए थे और वह सिर्फ 14 रन पीछे है। स्टंप्स तक दीपक हुड्डा 12 चौकों के साथ 105 रन जबकि मानव सुथार आठ रन बनाकर डटे हुए थे। बता दें दीपक हुड्डा ने प्रथम श्रेणी करियर का 12वां शतक लगाया। हालांकि उनके अलावा अन्य कोई बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। वहीं हरियाणा ने बिहार को रणजी ट्रॉफी मैच के सिर्फ दूसरे दिन पारी और 43 रन से मात दी। ग्रुप-सी के मुकाबले में हरियाणा ने बिहार को पहली पारी में 78 और दूसरी पारी में 133 रन से मात दी। वहीं, हरियाणा ने पहली पारी में 254 रन बनाए थे।

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

# श्रद्धा ने किया रिलेशनशिप का खुलासा, बोलीं मुझे अपने साथी के साथ रहना पसंद है...

*श्रद्धा कपूर इन दिनों अपनी हॉरर-कॉमेडी 'स्त्री 2' की सफलता का लुत्फ उठा रही हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में श्रद्धा ने अपने रिश्ते की पुष्टि की और बताया कि उन्हें अपने साथी के साथ समय बिताना बहुत पसंद है। श्रद्धा ने अपनी शादी की योजनाओं के बारे में कुछ दिलचस्प जानकारी साझा की...*

एक इंटरव्यू के दौरान श्रद्धा कपूर ने स्वीकार किया कि उनमें मीन राशि से संबंधित कुछ विशेषताएं हैं, विशेष रूप से प्रेम के पहलुओं के प्रति उनका लगाव, जिसे उन्होंने असाधारण बताया - उनका मानना है कि जब तक उनके पास उनका साथी है, उन्हें किसी और की आवश्यकता नहीं है। नाम लिए बिना, श्रद्धा ने अपने रिश्ते की पुष्टि की और कहा, मुझे अपने साथी के साथ समय बिताना और उसके साथ फिल्म देखना, डिनर पर जाना या सफर करना बहुत पसंद है। मैं आम तौर पर ऐसी इंसान हूं, जो एक साथ चीजें करने या यहां तक कि एक साथ कुछ नहीं करने में समय बिताना पसंद करती हूं।



### कई जगह दिखे श्रद्धा और राहुल

जब उनसे पूछा गया कि क्या वह शादी में विश्वास रखती हैं इस पर श्रद्धा ने कहा, यह शादी में विश्वास करने के बारे में नहीं है, बल्कि सही व्यक्ति होने और सही साथी के साथ होने के बारे में है। उन्होंने कहा कि अगर कोई शादी करना चाहता है, तो यह बहुत बढ़िया है, लेकिन अगर वे शादी नहीं करना चाहते हैं, तो यह भी उतना ही सही भी है। श्रद्धा और राहुल मोदी को कई मौकों पर एक साथ देखे जाने के बाद डेटिंग की अटकलें शुरू हुई थीं, जिसमें मार्च 2024 में एक दोस्त की शादी में शामिल होना भी शामिल था। अफवाहें तब तेज हो गईं जब अभिनेत्री ने एक साथ छुट्टियों का आनंद लेते हुए तस्वीरें पोस्ट कीं।

# साउथ सिनेमा में काम करना चाहते हैं शाहिद कपूर

हाल ही फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' में नजर आने वाले अभिनेता शाहिद कपूर ने बताया कि उनकी दक्षिण भारतीय फिल्मों में काम करने की तमन्ना है। हाल ही एक इंटरव्यू में शाहिद कपूर ने बताया,'मैं दक्षिण भारतीय सिनेमा में काम करने के लिए तैयार हूं, लेकिन मुझे डर है कि अगर दक्षिण भारतीय दर्शक मेरी डायलॉग डिलीवरी से खुश नहीं हुए तो क्या होगा? मैं कोई कमी नहीं छोड़ना चाहता, हिंदी पर तो मेरी अच्छी पकड़ है।' अभिनेता ने कहा, अगर कोई भी साउथ का फिल्ममेकर मुझ पर भरोसा कर सकता है, मुझे ठीक से समझा सकता है तो मैं उनके लिए काम करने को तैयार हूं।'

**अगले साल रिलीज होगी 'देवा':** शाहिद जल्द ही फिल्म 'देवा' में नजर आएंगे। इसमें उनके साथ पूजा हेगड़े हैं। रोशन एंड्रयूज निर्देशित इस फिल्म में शाहिद एक पुलिस वाले की भूमिका निभाते दिखाई देंगे। यह एक एक्शन फिल्म है। 'देवा' में बहुत सारा एक्शन है। जो आपको सोचने पर मजबूर कर देगा कि यह किसने किया। इसमें मेरा एग्रेसिव किरदार है।



# 'गजनी 2' का एलान करेंगे आमिर खान! सुपरहीरो फिल्म करेंगे



भारतीय सिनेमा के सबसे प्रतिष्ठित अभिनेताओं में से एक आमिर खान बॉक्स ऑफिस पर लगातार हिट फिल्में देने के लिए जाने जाते हैं। फिलहाल अभिनेता 2025 में रिलीज होने वाली अपनी आगामी फिल्म सितारे जमीन पर की तैयारी कर रहे हैं। इसके अलावा वह अपनी भविष्य की परियोजनाओं को मजबूत करने के लिए कई फिल्म निर्माताओं के साथ भी बातचीत कर रहे हैं। इन चर्चाओं के बीच उनकी सबसे सफल फिल्मों में से एक 'गजनी' की सीक्वल 'गजनी 2' को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट जानकर मिस्टर परफेक्शनिस्ट के प्रशंसकों का खुश होना लाजमी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, आमिर खान फिलहाल निर्माता अल्लू अरविंद के साथ 'गजनी' को फ्रेंचाइजी में बदलने के बारे में चर्चा कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार, उन्होंने अल्लू अरविंद, मधु मंटेना और पूरी टीम को गजनी 2 के लिए एक योग्य विषय के साथ आने के लिए कहा है। अगर यह तय हो जाता है तो वह भारतीय सिनेमा की पहली 100 करोड़ रुपये की फिल्म की सीक्वल बनाकर इतिहास रच सकते हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया है, टीम सक्रिय रूप से विचारों पर मंथन कर रही है और आमिर पहले ड्राफ्ट का इंतजार कर रहे हैं। आमिर खान वर्तमान में अपनी अगली फिल्म सितारे जमीन पर में व्यस्त हैं और 2025 में अपनी अगली फिल्म की घोषणा कर सकते हैं। कथित तौर पर सुपरस्टार एक सुपरहीरो फिल्म के लिए निर्देशक लोकेश कनगराज के साथ बातचीत कर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, जिस विचार ने उन दोनों को उत्साहित किया है वह एक सुपरहीरो फिल्म है और लोकेश अब अपने लेखकों की टीम के साथ इसे विकसित करना चाह रहे हैं। खबरें हैं कि अगर आमिर खान स्क्रिप्ट को मंजूरी दे देते हैं, तो सुपरहीरो फिल्म का निर्माण 2026 में शुरू हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है, यह विचार फिलहाल विकास के चरण में है और लोकेश को भी आमिर के साथ चीजों को अगले स्तर पर ले जाने का दायित्व सौंपा गया है।



**मेट्रो बाजार**

# 8,030 रुपए महंगा हुआ सोना दाम 84,613 प्रति 10 ग्राम पहुंचा

**मुंबई, एजेंसी**

लगातार तीन दिन ऑल टाइम हाई पर बंद होने के बाद आज (गुरुवार, 6 फरवरी) सोने के दाम में गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 44 रुपए गिरकर 84,613 रुपए पर बंद हुआ। इससे पहले कल यानी 5 फरवरी को सोना 83,657 रुपए प्रति दस ग्राम के ऑलटाइम हाई पर था। आज भी यह 15 रुपए ऊपर ऑलटाइम हाई पर ओपन हुआ था। इधर, चांदी की कीमत में गिरावट देखने को मिली। 1 किलो चांदी की कीमत कल के दाम से 663 रुपए कम होकर 94,762 रुपए किलो पर आ गई। कल चांदी का भाव 95,425 रुपए किलो था। चांदी ने 23 अक्टूबर 2024 को अपना ऑल टाइम हाई बनाया था, तब ये 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी। 1 जनवरी से अब तक सोना 8,030 और चांदी 8,707 महंगी हुई। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोना का दाम 76,583 रुपए से 8,030 रुपए बढ़कर 84,613 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,055 रुपए प्रति किलो से 8,707 रुपए बढ़कर 94,762 रुपए पर पहुंच गया है। दिल्ली में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 79,450 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 86,660 रुपए है। मुंबई में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 79,300 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 86,510 रुपए है। कोलकाता में 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 79,300 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 86,510 रुपए है। चेन्नई में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 79,300 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 86,510 रुपए है। भोपाल ~ 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 79,350 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 86,560 रुपए है।



# शर्तों के उल्लंघन से बचें: आवास-योजना की सब्सिडी वापस भी ले सकती है सरकार

**नई दिल्ली. एजेंसी**

प्रधानमंत्री आवास योजना का दूसरा चरण हाल ही में शुरू किया गया है। इसमें पात्र व्यक्तियों को क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी स्कीम के माध्यम से होम लोन पर रियायत मिलती है, लेकिन कई लोगों को ये पता नहीं है कि स्कीम की कुछ शर्तों के उल्लंघन पर सरकार सब्सिडी वापस ले सकती है। योजना के तहत परिवार के प्रत्येक सदस्य को केवल एक ही सब्सिडी दी जाती है। इसमें पति, पत्नी और अविवाहित बच्चे शामिल हैं। जब सब्सिडी समाप्त हो जाती है, तो लोन लेने वाले को मूल ब्याज दर पर लौटना पड़ता है, जिससे ईएमआई में बढ़ोतरी होती है।



### सब्सिडी कब वापस हो सकती है?

**पहली स्थिति:** अगर कर्ज लेने वाला बैंक को लोन की किस्तें देने में चूक करता है और लोन एनपीए बन जाता है।

**दूसरी स्थिति:** कुछ कारणों से मकान का निर्माण रुक गया हो। ऐसे में सब्सिडी की रकम सरकार को लौटानी होगी।

**तीसरी स्थिति:** मकान के इस्तेमाल का प्रमाण पत्र जमा नहीं करने पर सरकार सब्सिडी वापस ले सकती है।

### बाइक से घूमकर रैकी फिर सूने मकान का ताला तोड़कर वारदात

# बागसेवनिया पुलिस ने नकबजनी का किया खुलासा, नाबालिग सहित तीन गिरफ्तार

**सीसीटीवी कैमरे के फुटेज और मुखबिर तंत्र से पकड़ाए नकबजन**



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बागसेवनिया पुलिस ने नाबालिग सहित तीन नकबजनों को गिरफ्तार कर आठ लाख रुपए माल बरामद किया है। आरोपी के पूर्व में आपराधिक रिकार्ड है। तीनों आरोपियों ने बाइक से घूमकर रैकी करने के बाद वारदात को अंजाम दिया था। आरोपियों को तीन दिन की रिमांड पर लिया गया है। उनसे चोरी और नकबजनी की अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने बताया कि मंयक मिश्रा पिता सीके मिश्रा, अरविंद बिहार बागमुगालिया में रहते हैं और गोविंदपुरा औधौगिक क्षेत्र में टेस्टिंग लैब का काम करता है। गत 24 दिसंबर की सुबह 11 बजे वह घर के मुख्य गेट पर ताला लगाकर रीवा चले गए। उनका परिवार पहले से ही रीवा में था। वे रीवा पहुंच पाते इससे पहले ही पड़ोसी ठाकुर दादा की पत्नी ने कॉल कर बताया कि आपके घर के मेन गेट का ताला टूटा हुआ है। उन्होंने कहा कि वह बाहर है घर पर देख कर बताओ कि क्या हुआ है।

#### दोस्त को भेजा घर

मयंक ने अपने दोस्त आकाश पांडे को कॉल कर घटना की जानकारी दी। वह घर पहुंचा और देखा तो घर में सारा सामान बिखरा पड़ा था। मयंक रीवा से भोपाल लौटे और चेक किया। इस दौरान पता चला कि अलमारी का ताला टूटा हुआ है। अलामारी में रखा पुराना डायमंड का हार व सोने का हार, एक मंगलसूत्र सहित 6 नग कान के बूंदे अलमारी से चोरी हो चुके थे। मयंक की शिकायत पर पुलिस ने नकबजनी का प्रकरण दर्ज कर जांच की।

#### सीसीटीवी फुटेज दिखाकर संदिग्ध की पहचान

पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे करीब दो सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले। फुटेज में पुलिस को बाइक सवार तीन संदिग्ध नजर आए। तीनों संदिग्ध की पहचान मुखबिरों से कराई गई। मुखबिर ने बताया कि उक्त हुलिए के आरोपी लोकल है। पुलिस आरोपियों का सुराग लगाते हुए कमला नगर इलाके के सबरी नगर पहुंची। वहां कमला नगर के निगरानी बदमाश दिलीप भूरिया के बारे में जानकारी जुटाई। पता चला कि वह गुजरात सूरत में है। फरार होने के कारण उस पर पुलिस का संदेह बढ़ गया। पुलिस ने एक टीम सूरत भेजकर दिलीप भूरिया हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपने साथी रवि मावी व नाबालिग के साथ बागमुगलिया में वारदात करनी स्वीकार ली। पुलिस ने रवि मावी और नाबालिग को हिरासत में लिया। तीनों से नकबजनी में हाथ लगा 8 लाख रुपए का माल जब्त किया गया।

### युवक से मारपीट, सिर पर कांच की बोतल मारी

**भोपाल।** स्टेशन बजरिया थाना क्षेत्र में मामूली कहासुनी के बाद एक बदमाश ने अपने साथी के साथ मिलकर युवक से मारपीट करते हुए उसके सिर पर कांच की बोतल दे मारी। सिर पर कांच की बोतल लगने से युवक को गंभीर चोट आई है। पुलिस ने युवक की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार आकाश उर्फ अक्कू शाक्या (29) मकान नंबर-14, गरम गड्ढा रोड चांदबड़ में रहता है और प्राइवेट काम करता है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि बुधवार देर रात करीब पौने 12 बजे वह होली वाला मैदान, शिव मंदिर के सामने खड़ा था। इस बीच वहां मोनू नाथ पहुंचा और कहने लगा कि अक्कू तू यहां क्या कर रहा है। अक्कू ने उससे कहा कि भाई तू जा मुझे तुझसे कोई बात नहीं करनी। मोनू नाथ वहां से चला गया और कुछ देर बाद अपने साथी राजू बसंता को पहुंचा। राजू बसंता ने पहुंचते ही अक्कू से गालीगलौज शुरू कर दी। अक्कू ने राजू को गाली देने से मना किया तो वह भड़क गया और लात घूंसों से मारपीट शुरू कर दी।

## 77 साल के बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत



**भोपाल।** मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित स्कोप कॉलेज के पास गत 2 फरवरी की सुबह घायल अवस्था में मिले बुजुर्ग की एम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। वे पत्नी से मंडीदीप जाने का कहकर घर से निकले थे। इसके बाद उन्हें घायल अवस्था में देखा गया। उनके दोनों पैर और सिर में चोट थी। अनुमान है कि उन्हें किसी वाहन ने टक्कर मारी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार 77 साल के हरिशंकर त्रिपाठी, गली नंबर-1, सरदार पटेल स्कूल के पास हनुमानगंज में रहते थे। गत 2 फरवरी की सुबह वह घर से पत्नी को मंडीदीप जाने का कहकर निकले। इसके बाद स्कोप कॉलेज के पास उन्हें घायल अवस्था में देखा गया। उनका बेटा मौके पर पहुंचा था और उन्हें एम्स लेकर पहुंचा। एम्स में उनका इलाज चल रहा था। बुधवार सुबह इलाज के दौरान एम्स में उनकी मौत हो गई।

## संतान नहीं होने से दुखी महिला ने जहर पीकर दी जान

**भोपाल।** गुनगा थाना क्षेत्र स्थित ग्राम कलारा में बुधवार रात 40 साल की महिला ने जहरीला पदार्थ पीकर जान दे दी। घटना के समय वह अकेली थी जबकि काम पर गया था। पत्नी को बेसुध देखकर वह अस्पताल ले गया था, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई।



पुलिस का कहना है कि संतान नहीं होने से महिला डिप्रेशन में रहने लगी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम कलारा निवासी सूरज सिंह मजदूरी करते हैं। करीब 20 साल पहले उनकी शादी कला बाई (20) से हुई थी। उनकी कोई संतान नहीं है। लंबा समय बीत जाने के बाद भी संतान नहीं होने से कला बाई तनाव में रहने लगी थी। पति का कहना है कि काफी इलाज कराने के बाद भी संतान नहीं हुई थी। दंपती घर में अकेले रहते थे। बुधवार रात सूरज सिंह खेत में काम करने गया था। रात करीब सवा 9 बजे लौटा तो पता चला कि पत्नी कला बाई ने कोई जहरीला पदार्थ पी लिया था। गंभीर हालत में महिला को अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया था।

## बेटों की हादसे में मौत, दुखी मां ने इमली के पेड़ पर लगाई फांसी, दो साल से थी अवसाद में

**भोपाल।** बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित गांव लहारपुर में गुरुवार सुबह एक महिला की लाश इमली के पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटकी मिलने सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। उनके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि दो साल पहले वह अपने दो बेटों के साथ विदिशा जा रही थी, तभी सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में बाइक चला रहे उनके जवान बेटे और आठ साल का बेटे की मौत हो गई थी, जबकि वह घायल हो गई थी। बेटों की मौत के बाद से वह दुखी रहने लगी थी। उनका मानसिक संतुलन भी बिगड़ने लगा था। ललरिया चौकी प्रभारी एसआई हेमंत सिंह ने बताया कि गंगा बाई शाक्य पति विष्णु प्रसाद शाक्य (48) मूलतः नटेरन जिला विदिशा की रहने वाली थी। उनकी शादी लहारपुर तहसील बैरसिया में रहने वाले विष्णु प्रसाद से हुई थी। गंगा बाई और विष्णु प्रसाद के पांच बच्चे थे। बड़ी बेटी की वह शादी कर चुके हैं। गंगा बाई पति समेत दो बच्चे के साथ रह रही थी।

## सब्जी गलत तौलने का विरोध करने पर अधिवक्ता से मारपीट



**भोपाल।** टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित जवाहर चौक पर सब्जी का ठेला लगाने वाले व्यापारी ने अधिवक्ता से मारपीट कर दी थी। दरअसल, अधिवक्ता सब्जी खरीदने गए थे। व्यापारी ने सब्जी कम तौल दी। इसका विरोध करने पर व्यापारी ने अधिवक्ता के साथ लात घूंसो से मारपीट कर दी। पुलिस के अनुसार मुकेश पवार (55) एलआईजी-113 सरस्वती नगर जवाहर चौक पर रहते हैं। उन्होंने शिकायत करते हुए बताया कि वे जिला न्यायालय भोपाल में वकालत करते हैं। बुधवार रात करीब 9 बजे के लगभग की बात हैं। वे घर से जवाहर चौक सब्जी खरीदने गए थे। पलास मेडिकल के सामने ठेले वाले आकाश के पास पहुंचे और सब्जी खरीदने लगे। वह सब्जी ठीक से नहीं तौल रहा था। उसे सब्जी ठीक से तौलने का कहा तो वह भड़क गया और गालीगलौज करने लगा। अधिवक्ता मुक्कों से मारपीट करने लगा। वहां मौजूद अरूण विष्ट, विजय पाल और राहुल पवार ने बीच बचाव किया। मारपीट में मुकेश के चेहरे पर चोट आई है।

### थाना क्षेत्रों में पुलिस का साइबर सुरक्षा सेफ क्लिक अभियान

**भोपाल।** पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर 1 फरवरी से 11 फरवरी तक सायबर अपराध के संबंध में जागरुकता के लिए चलाए जा रहे सायबर सुरक्षा सेफ क्लिक अभियान के तहत पुलिस आयुक्त भोपाल हरिनारायणाचारी मिश्र एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त भोपाल अवधेश गोस्वामी के दिशा निर्देशों पर राजधानी के सभी थानों में सायबर सुरक्षा *सेफ क्लिक* अभियान चलाया जा रहा है' आज थाना पिपलानी क्षेत्र अंतर्गत सायबर सुरक्षा(सेफ क्लिक) जागरुकता अभियान के तहत गुरुवार को पिपलानी में सायबर सुरक्षा सेफ क्लिक अभियान के तारतम्य में जनसंवाद किया गया, आम जनता को चाइल्ड पोर्नोग्राफी जैसे क्राइम की गंभीरता के बारे में समझाया गया तथा किस तरह इस स्कैम से बचना है इस बारे में भी अवेयर किया गया। साथ ही किसी भी अंजान मोबाइल नंबर से आए वीडियो एवं ऑडियो कॉल से होने वाले क्राइम के बारे में भी बताया गया। उनसे किस तरह बचाव किया जाए इस बारे में जागरुक किया गया।

## महिंद्रा ईवी कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**शाहजहांनाबाद स्थित हनुमान गढ़ी मंदिर के पास हुआ था हादसा**



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित हनुमान गढ़ी मंदिर पुलिस चौकी के पास महिंद्रा ईवी कार ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसा शनिवार-रविवार की रात करीब पौने एक बजे के आसपास हुआ था। बाइक में टक्कर लगने से युवक को सिर सहित शरीर में गंभीर चोट आई थी और उसका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान गुरुवार सुबह उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस ने टक्कर मारने वाली कार जब्त कर ली है। पुलिस के अनुसार साहिब कौर पिता शैलेंद्र सिंह (30) मूलतः नवजीवन कॉलोनी, छोला का रहने वाला है।

इन दिनों वह परिवार के साथ श्री रेसीडेंसी, डिंग डांग स्कूल के पास ईदगाह हिल्स, में रह रहा था। साहिब कौर की घोड़ा नक्कास पर मोबाइल रिपेयरिंग की शॉप है। वह शॉप बंद करने के बाद बाइक से घर लौट रहा था। रात करीब पौने 1 बजे साहिब हनुमान गढ़ी मंदिर पुलिस चौकी के पास पहुंचा ही था कि सामने से आ रही महिंद्रा ईवी कार के चालक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से साहिब को गंभीर चोट आई थी। उसे लालघाटी स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां इलाज के दौरान गुरुवार सुबह उसकी मौत हो गई।

### फार्म हाउस में चौकीदार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत



**भोपाल।** रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित कुशलपुरा में फार्म हाउस के चौकीदार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वे रात में सोए थे और दोपहर तक सोकर नहीं उठे आसपास के फार्म हाउस के चौकीदारों की नजर पड़ी तो उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पुलिस के अनुसार मूलतः विदिशा निवासी 62 साल के खचौर सिंह, कुशलपुरा रातीबड़ में पटेल के फार्म हाउस पर चौकीदारी करते थे। बुधवार रात वह फार्म हाउस के बाहर पलंग लगाकर सोए थे। गुरुवार सुबह उनकी नींद नहीं खुली। दोपहर तक वह पलंग पर सोए हुए नजर आए तो आसपास के फार्म हाउस के चौकीदार उन्हें देखने पहुंचे। इस दौरान पता चला कि उनकी मौत हो चुकी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद खचौर सिंह का शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया है। शुक्रवार को उनका पीएम कराया जाएगा। पुलिस का कहना है कि खचौर सिंह शराब पीने के आदी थी।






**मेट्रो एंकर** बेटे को बचाने जान हथेली पर रखी, फिर भी बस की चपेट में आ गया बेटा

## दौड़कर सडक पार कर रहा था बेटा, पिता भी चपेट मे आने से बचे

**मानसिक संतुलन बिगड़ने के कारण पिता लाए थे मनोचिकित्सक के पास**



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित ताजुल मसाजिद के सामने एक युवक सिटी बस की चपेट में आने से घायल हो गया। दरअसल, बेटे का मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ था और पिता उसे इलाज कराने के लिए मनौचिकित्सक के पास पहुंचे थे। उसने क्लीनिक के पास भागने का प्रयास किया और सड़क की तरफ दौड़ लगा दी। पिता ने भी उसे पकड़ने का पूरा प्रयास किया और उसके पीछे दौड़ लगाई, लेकिन बेटा बस के सामने आकर घायल हो गया। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

पुलिस के अनुसार शमशाबाद जिला विदिशा निवासी नवल कुशवाह अपने बेटे शिवजीत (24) को दिखाने ताजुल मसाजिद के सामने मनोचिकित्सक के क्लीनिक आए थे। उन्होंने नंबर लगा दिया था। क्लीनिक में कहा गया कि जब तक नंबर आएगा, आप लोग अपने अन्य काम निपटाकर आ जाइए। लिहाजा दामाद और परिवार के अन्य सदस्य खाना खाने निकल गए। वे सभी क्लीनिक से बाहर निकल रहे थे कि उसी समय सड़क पार करने के लिए शिवजीत ने दौड़ लगा दी। पिता ने उसे पीछे से पकड़न का प्रयास किया, लेकिन तब तक वह तीन मोहरे की ओर से आ रही सिटी बस की चपेट में आ गया।

मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने घायल शिवजीत को बस के नीचे से निकाला और तुरंत हमीदिया अस्पताल में भर्ती करा दिया। पिता नवल का कहना है कि बेटे शिवजीत भोपाल में रहकर मजदूरी करता था। तीन महीने पहले की वह गांव लौट गया था। पिछले कुछ दिन से उसका दिमागी संतुलन ज्यादा बिगड़ गया था।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022